www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 322 ||अम्बेडकरनगर
मंगलवार
17 फरवरी 2026 || पृष्ठः 08 ||मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:42
सूर्यास्तः 05:59
अधिकतमः 28°00
न्यूनतमः 13°00



पेज 07
विशेष समाचार क्या भारत में 2046 तक... >>पेज 04
लुटेरों ने की बेटे के सामने ... >>पेज 06
रोहित शेट्टी फायरिंग केस ...

## फार्म-7 पर सियासत गरम, सपा का दावा- लोकतंत्र के अधिकार पर चोट

# 'वोट कटवाने की साजिश'

**दावा**

अरमान

तमसा संकेत, लखनऊ । समाजवादी पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में हार की आशंका से घबराई भाजपा समाजवादी पार्टी और पीडीए समर्थकों के वोट कटवाने के लिए फार्म-7 का दुरुपयोग कर रही है। उनका आरोप है कि यह पूरा खेल बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**अखिलेश यादव बोले- भाजपा की एक गुप्त बैठक हुई थी, जिसमें तय हुआ कि सपा का वोट कैसे कटवाना है**

मेरठ के एक वीडियो का हवाला देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अब 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' के नाम पर भी नोटिस भेजकर मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है। कुछ विधायकों के क्षेत्रों में हजारों लोगों को नोटिस जारी होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनियोजित रणनीति है।

### 'हमारे नगर अध्यक्ष का काम कटवा दिया'

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि औरैया नगर अध्यक्ष का नाम भी मतदाता सूची से हटा दिया गया। इतना ही नहीं, बलिया के सिकंदरपुर से सपा विधायक की पत्नी का नाम भी कटवा दिया गया। हमारे ही वोटर से नगर अध्यक्ष का काम कटवा दिया गया। यह सब विपक्ष को उलझाए रखने की रणनीति है।

अयोध्या का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बूथ पर 181 नोटिस जारी हुए, जिनमें से 76 प्रतिशत पीडीए समाज को मिले। 46 प्रतिशत नोटिस यादव और मुस्लिम समुदाय के लोगों को दिए गए। अयोध्या में सपा ने 47 फॉर्म 7 भरे, जबकि बीजेपी ने करीब एक हजार आवेदन दिए।





### ड्राफ्ट रोल में बीएलओ द्वारा 49,399 वोट हटाए गए

अखिलेश यादव ने कहा कि ड्राफ्ट रोल में बीएलओ द्वारा 49,399 वोट हटाए गए, लेकिन उसके बाद अज्ञात लोगों से तीन गुना अधिक फार्म-7 भरवाए गए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब एसआईआर की इतनी बड़ी प्रक्रिया चल रही थी तो अलग से फार्म-7 की जरूरत क्यों पड़ी। उन्होंने इसे संविधान द्वारा दिए गए मताधिकार पर हमला बताया और कहा कि गांवों में सामंतवादी मानसिकता के लोग पीडीए का वोट कटवाने के लिए संगठित रूप से काम कर रहे हैं।

### भाजपा ने एक करोड़ वोट बढ़वाए

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक जिस एसआईआर से पूरा देश परेशान था अब उससे भाजपा के लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक करोड़ वोट बढ़वाया है। ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।अखिलेश यादव प्रदेश में एसआईआर के बाद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई कच्ची मतदाता सूची पर बोल रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)

- मांग - नाम हटाने की प्रक्रिया केवल सरकारी बीएलओ के जरिए हो।
- कई विधानसभा क्षेत्रों में फर्जी दस्तावेजों से वोट कटवाने का आरोप।
- 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' नोटिस को भी सपा ने बताया नया तरीका।
- महंगाई, बेरोजगारी और ट्रेड डील जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप।

"सकलडीहा विधानसभा में फॉर्म 7 के 16 आवेदन जमा किए गए। वहीं बाबागंज विधानसभा के बूथ नंबर 365 पर फर्जी हस्ताक्षर कर फॉर्म 7 भरकर करीब 100 वोट कटवा दिए गए। हमारे एक बीएलए का भी वोट कटवा दिया गया। यह सीधी साजिश है, जिसमें असली वोटरों के नाम हटाने की कोशिश हो रही है।

**भाजपा सरकार के खिलाफ कई बड़े मुद्दे**

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के खिलाफ कई बड़े मुद्दे हैं—अमेरिका के साथ व्यापार समझौता, बढ़ती महंगाई, सोना-चांदी की कीमतों में उछाल और रोजगार का संकट। उन्होंने सवाल किया कि सरकार जिन लाखों करोड़ के एमओयू की बात करती है, उनमें से जमीन पर कितना निवेश आया और कितनों को रोजगार मिला। उनका आरोप है कि इन मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए मतदाता सूची में गड़बड़ी का खेल खेला जा रहा है।

# पीएम मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट का किया उद्घाटन

## 300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स

**तकनीक**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । भारत में आज 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ



'इंडिया AI इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट AI सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे। ओपन AI के CEO सैम ऑल्टमैनः ऑल्टमैन ने कहा कि अमेरिका के बाद भारत चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता आधार है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**पीएम मोदी बोले- दुनियाभर से आए लोगों का स्वागत**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि आज से दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया 'एआई इम्पैक्ट समिट' शुरू हो रही है। मैं इस समिट में हिस्सा लेने आए दुनिया भर के नेताओं, बड़े बिजनेसमैन, इनोवेटर्स, पॉलिसी बनाने वालों, रिसर्चर्स और टेक्नोलॉजी के जानकारों का दिल से स्वागत करता हूं।

### हिमंता शूटिंग वीडियो मामला, सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, कोर्ट को प्लेग्राउंड मत बनाइए। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। जोकि ठीक नहीं है।

# 18 फरवरी से जारी हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा

## राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन 17 को

**घोषणा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2026 तक संचालित होंगी। परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस वर्ष भी व्यापक निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव ने बताया कि परीक्षाओं में नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने तथा गुणवत्ता और



- परीक्षा के दिन कोई प्रतिबंधित सामग्री साथ में न ले जाएं

विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश के शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। >> (शेष 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### एससी में अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है।

विवाद शुद्धिकरण

### महाराष्ट्र में मुस्लिम विधायक शिवरात्रि पर मंदिर पहुंचे

मुंबई । महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक और पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार के महाशिवरात्रि पर मंदिर दर्शन को लेकर विवाद हो गया। दावा किया जा रहा है कि सत्तार के दर्शन के बाद कुछ युवकों ने मंदिर परिसर में गौमूत्र छिड़ककर शुद्धिकरण किया। युवकों का गौमूत्र छिड़कने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवकों का कहना है कि सत्तार मांसाहारी भोजन करते हैं। उनके अनुसार, महाशिवरात्रि जैसे पवित्र दिन ऐसे व्यक्ति का मंदिर में प्रवेश उचित नहीं था।

### गुजरात के 32 स्कूलों में बम की धमकी

अहमदाबाद । गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई है। वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए।

# अम्बेडकरनगर सीएमओ भ्रष्टाचार मामले में दोषी

## विधान परिषद में उठा मुद्दा, एमएलसी ने कार्रवाई की मांग की

**मांग**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय कुमार शैवाल के कथित भ्रष्टाचार का मामला अब उत्तर प्रदेश विधान परिषद में उठ गया है। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने सदन में इस मुद्दे को उठाते हुए सीएमओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने नियम-115 के तहत 13 फरवरी 2026 को दी गई सूचना में बताया कि डॉ. संजय कुमार शैवाल



के खिलाफ आई जांच रिपोर्ट बेहद गंभीर है। उनके अनुसार मुख्य विकास अधिकारी की जांच में सीएमओ को दोषी पाया गया है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कार्रवाई में देरी पर सवाल उठाया। एमएलसी ने सदन को बताया कि मुख्य विकास अधिकारी का 7

- मामले की गंभीरता को देखते हुए, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव ने महानिदेशक से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। यह दर्शाता है कि शासन स्तर पर भी इस प्रकरण को गंभीरता से लिया जा रहा है।

जनवरी 2026 का पत्र और जिलाधिकारी का 12 सितंबर 2025 का पत्र भी इन शिकायतों की पुष्टि करते हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका

## पॉलीथीन में ले जाने पड़े शव, मैनेजर हिरासत में, फैक्ट्री सील

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

भिवाड़ी । राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है।

शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पाट्र्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया।

हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ।

>> (शेष पेज 06 पर)

**8 लोग जिंदा जले** | **4 गंभीर रूप से झुलसे**



### फैक्ट्री को किया सील

फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। मौके पर अब केवल तहसीलदार मौजूद है। मरने वालों के परिजनों को थाने लाया गया है, जहां पुलिसकर्मी उनकी देखभाल कर रहे हैं। कलेक्टर-एसपी सहित सभी अधिकारी मौके से निकल चुके हैं। जांच के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।

### सभी फैक्ट्रियों की जांच होगी

खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने 7 दिन में सभी फैक्ट्रियों और औद्योगिक इकाइयों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा- जांच में यह देखा जाएगा कि औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा के नियम सही तरह से लागू हो रहे हैं या नहीं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### एसपी बोले- दो लोगों पर एफआईआर दर्ज

एसपी मनीष कुमार ने बताया- मरने वालों के परिजनों की ओर से फैक्ट्री मालिक और जो फैक्ट्री चला रहा था, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

हादसे में बिहार के मोतीहारी के सुजंत, मिंटू, अजीत, रवि और चंपारण जिले के रहने वाले श्याम और अमरेश की मौत हो गई। वहीं शिव शशिभूषण कहां का रहने वाला है, इसका पता नहीं चला।

एक मजदूर की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई।

>> (शेष पेज 06 पर)

**ऐलान : आंगनबाड़ी का मानदेय भी बढ़ेगा, विपक्ष से उम्मीद रखना बेवकूफी : सीएम योगी**

# शिक्षामित्र-अनुदेशकों की सैलरी बढ़ाएंगे : योगी

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ । यूपी विधान परिषद में सीएम योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव दिया। सीएम योगी ने कहा- आंगनवाड़ी, शिक्षा मित्र, अनुदेशक की सैलरी हम बढ़ाएंगे। निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों की पेंशन भी बढ़ाने जा रहे हैं। यूपी में 1.47 लाख शिक्षामित्र और 28 हजार से अधिक अनुदेशक हैं। सरकार करीब 9 साल बाद मानदेय बढ़ाने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक शिक्षा मित्र और अनुदेशक के मानदेय में 2 हजार रुपए महीने की बढ़ोत्तरी हो सकती है। भाजपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र में शिक्षामित्रों की



समस्या का विधिक समाधान करने का वादा किया था। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश से शिक्षामित्रों का सहायक अध्यापक पद से समायोजन रद्द हो गया था। उस दौरान सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 से बढ़ाकर 10 हजार रुपए महीने किया था। लेकिन, उसके बाद मानदेय में एक भी रुपए की वृद्धि नहीं की गई है। जबकि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने की मांग उठाते हैं। प्रदेश में करीब 1.70 लाख आशा कार्यकर्ता हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

- वित्तमंत्री सुरेश खन्ना आज 1 करोड़ 6 लाख निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाने का ऐलान कर सकते हैं। सीएम ने 13 फरवरी को विधानसभा में इसका जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाने की योजना है।

### पहले की सरकारों ने यूपी को अपराध का गढ़ बनाया

सीएम योगी ने कहा- राज्यपाल के भाषण के दौरान विपक्ष का आचरण अपमानजनक रहा। महिला शक्ति का अपमान किया। विपक्ष से किसी तरह की उम्मीद करना बेवकूफी है।

सीएम ने कहा- पहले की सरकारों ने यूपी को अपराध का गढ़ बना दिया था। कर्फ्यू यहां की पहचान बन गई थी। लेकिन, आज डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नियति, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के चलते हम लोग यूपी को देश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख हिस्सा बनाने में कामयाब हुए। योगी ने कहा- वंदे मातरम् का 150वां साल चल रहा। मैं पूछता हूं, सपा-कांग्रेस आखिर इसका विरोध क्यों कर रहे? इस देश में रहोगे और यहां के राष्ट्रीय गीत पर खड़े नहीं होगे?

>> (शेष पेज 06 पर)

# थरूर विदेश मंत्री बनना चाहते हैं : मणिशंकर

## मैं गांधीवादी-नेहरूवादी हूं, राहुलवादी नहीं

**बयान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने सोमवार को कहा कि INDIA ब्लॉक को मजबूत करने के लिए एमके स्टालिन सबसे सही नेता हैं, जबकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं। अय्यर ने कहा कि राहुल भूल गए हैं कि मैं पार्टी का मेंबर हूं। इसलिए मैं गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी हूं लेकिन राहुलवादी नहीं हूं।

अय्यर ने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर एंटी-पाकिस्तान हैं। वे अगले विदेश मंत्री बनना चाहते हैं।



- अय्यर बोले- केरल में कांग्रेस नहीं जीतेगी
- इंडिया ब्लॉक के लिए स्टालिन सबसे बेहतर

अय्यर ने पवन खेड़ा को प्रवक्ता की जगह 'तोता' बताया। उन्होंने कहा- पवन खेड़ा वही दोहराते हैं, जो जयराम रमेश उन्हें बताते हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)


## सबका साथ, सबका विकास - सबका अच्छा स्वास्थ्य के मंत्र के साथ प्रदेश में सशक्त हो रहा स्वास्थ्य ढांचा

# केशव प्रसाद ने स्वास्थ्य सेवाओं पर रखे विचार

**चर्चा**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व विधान परिषद मे नेता सदन श्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में विधान परिषद के बजट सत्र 2026-27 के दौरान सोमवार को उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सरकारी नीतियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। उत्तर प्रदेश मे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचा, डाक्टरो व पैरा मेडिकल स्टाफ के बारे जानकारी देते हुये कहा कि प्रदेश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जिन जिला अस्पतालों का मेडिकल कॉलेजों में विलय हुआ है, उनके अलावा पीएचसी, सीएचसी और अन्य जिला अस्पतालों में सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। जहां एमआरआई या सीटी स्कैन के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं हैं, वहां निजी क्षेत्र की साझेदारी से सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के मंत्र को दोहराते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सभी नागरिकों के लिए हैं, और बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को उपलब्ध करायी जा रही हैं, चाहे कोरोनाकाल मे टीकाकरण हो, या अन्य चिकित्सा सेवायें सभी को दी जा रही है। हमारे संस्कारो व नीति व नीयत मे कोई भेदभाव नही है। हम सबका साथ -सबका विकास और सबका अच्छा स्वास्थ्य की भावना से साथ समाजसेवा कर रहे हैं।



**विधान परिषद बजट सत्र 2026-27**

**मौर्य ने चिकित्सा सहायता न देने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक है और सहायता पात्रता के आधार पर दी जाती है। गैर-पैनल निजी अस्पतालों के मामलों में सरकारी मदद संभव नहीं होती।**

### मेडिकल शिक्षा और संस्थानों की क्षमता में वृद्धि

2017 के बाद मेडिकल शिक्षा और संस्थानों की क्षमता में वृद्धि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी लोगों को चरणबद्ध स्वास्थ्य सुविधा मिले—पहले पीएचसी/सीएचसी, फिर जिला अस्पताल और गंभीर मामलों में मेडिकल कॉलेजों में इलाज मिले।स्थानांतरण नीति और पारदर्शिता का उल्लेख करते हुये कहा कि स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकता होती है, जिससे दूर-दराज क्षेत्रों में भी डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध हो सकें। किसी भी शिकायत की जांच का आश्वासन दिया गया।



### सरकार गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए संवेदनशील

आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री आरोग्य योजना का उल्लेख करते हुये उन्होंने बताया कि सरकार गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए संवेदन-शील है। आयुष्मान भारत और राज्य की योजनाओं से बड़ी आबादी को मुफ्त या सस्ती इलाज सुविधा मिल रही है। मा0 प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी जी की पहल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब सड़क हादसे के पीड़ितों को नियमानुसार 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। इस योजना के व्यापक प्रचार की जरूरत बताई गई।

# सपा कर रही एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी

## पीडीए मतदाताओं के नाम जोड़ने का आह्वान

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) सरोजनी-नगर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता गहन पुनरीक्षण समीक्षा बैठक सोमवार को शांति नगर स्थित एक निजी लॉन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सपा सरोजनी-नगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने की, जबकि लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष शशिलेंद्र यादव ने संचालन किया। सपा जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव त्रिवेणीपाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, दुर्गेश सिंह यादव सोनू, वरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव, बचान सिंह यादव और पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद शुक्ला सहित अन्य वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने



की अपील की। वक्ताओं ने विशेष रूप से 'पीडीए' (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में जोड़ने तथा मृतक व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि जयसिंह जयंत ने अब तक हुए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक सतत निगरानी आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में भाजपा नेताओं द्वारा बीएलओ पर दबाव बनाकर फॉर्म-7 भरवाए जा रहे हैं, जिस पर कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**फास्ट न्यूज**

### कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

लखनऊ। ई-मेल के माध्यम से सोमवार सुबह लखनऊ कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। वजीरगंज पुलिस, डॉग और बम स्क्वॉड मौके पर पहुंची। कोर्ट परिसर में सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। इससे पहले शुक्रवार को भी कोर्ट परिसर में चेकिंग की गई थी। सुबह करीब 8:38 बजे भेजे गए ई-मेल में धमकी दी गई कि न्यायाधीशों के चेंबर में 12 आरडीएक्स आधारित आईईडी लगाए गए हैं, जो जल्द ही फटेंगे।

### दीवान का बेटा दोस्तों के साथ करता था चोरी

मोहनलालगंज । लखनऊ में PAC दीवान का बेटा भाई के साथ गैंग बनाकर बंद मकानों में चोरी करता था। पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपी बंद मकानों का पता लगाकर कई दिनों तक उनकी रेकी करते थे। चोरी को अंजाम देने के बाद माल को बिहार ले जाकर बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की एक एयर गन और सामान बरामद किया है।

डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया- आरोपियों की पहचान सोनू सिंह, शक्तिमान सिंह और सोनू कुमार शाह उर्फ सोनू पहाड़ी के रूप में हुई है।

### होटलकर्मी ने फांसी लगाई

लखनऊ । लखनऊ के हैदर कैनाल रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में एक युवक का शव बेल के पेड़ से लटकता मिला। राहगीर की सूचना पर पहुंची हुसैनगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान मो. सुहैल पुत्र अकरम के रूप में हुई। वह प्रयागराज जिले के थाना मोहनगंज क्षेत्र के घीनपुर गांव का रहने वाला था। परिजनों के मुताबिक, सुहैल 10 दिन पहले रोजगार की तलाश में लखनऊ आया था।

# सऊदी अरब में लखनऊ के युवक की हुई मौत

## आग से झुलसने के 15 दिन बाद दम तोड़ा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ के युवक की सऊदी अरब में मौत हो गई। निशातगंज के रहने वाले शोएब पुत्र ताज मोहम्मद आग से झुलस गए थे। 15 दिन तक अस्पताल में चले इलाज के बाद रविवार को उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी मौत की सूचना परिजनों को फोन से मिली। अब परिजन उनके शव का इंतजार कर रहे है। शोएब दो साल पहले ड्राइवर की नौकरी करने सऊदी गए थे। इस 7 मार्च को ही घर लौटने वाले थे। परिजनों के मुताबिक करीब 15 दिन पहले सूचना मिली थी कि जिस कमरे में शोएब रह रहे थे, वहां एलपीजी गैस लाइन फटने से हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि पहले कुकर में धमाका हुआ, जिसके बाद गैस लाइन में आग लग गई और देखते ही देखते पूरा कमरा आग की



शोएब ताज मोहम्मद, मृतक

चपेट में आ गया।

इस घटना में दो लोगों की मौत हुई है। बाराबंकी के सफदरजंग के रहने वाले शरीफ की भी जान चली गई। दोनों की मौत की खबर से उनके परिवारों में मातम पसरा है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने आवश्यक दस्तावेज तैयार कर सऊदी भेज दिए थे, ताकि शव को भारत लाया जा सके। शनिवार को सभी कागजात पूरे कर भेज दिए गए हैं, हालांकि खबर लिखे जाने तक शव लखनऊ नहीं पहुंचा था।

## भदोही में काशी नरेश महाविद्यालय बनेगा विश्वविद्यालय, पूर्वांचल को मिलेगा नया शैक्षिक केंद्र

# विधानसभा में दो राजकीय विश्वविद्यालय स्थापना हेतु संशोधन विधेयक पारित

- शाहजहांपुर में स्वामी सुखदेवानंद विश्वविद्यालय का मार्ग प्रशस्त
- 2017 के बाद उच्च शिक्षा में बड़े सुधार, हर जिले तक विश्वविद्यालय पहुंचाने का लक्ष्य

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 में योगी सरकार ने उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित करा लिया। सदन में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत दोनों विधेयक बहुमत से पारित हुए।



**उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अंत्योदय के आधार पर शिक्षा विस्तार पर दिया जोर**

**ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर शिक्षा और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे**

**-उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय**

सदन में प्रस्ताव रखते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य उच्च शिक्षा को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम मानकर कार्य कर रही है। योगी सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण, पिछड़े और वंचित क्षेत्रों तक विश्वविद्यालय पहुंचाने की दिशा में लगातार ठोस निर्णय लिए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। मंत्री उपाध्याय ने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2017 के बाद योगी सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए हैं।

### 23 महाविद्यालयों का संबद्धीकरण संभव होगा

मंत्री उपाध्याय ने बताया कि संशोधन विधेयक के तहत ज्ञानपुर, जनपद भदोही स्थित काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय को उन्नत कर विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे आसपास के 23 महाविद्यालयों का संबद्धीकरण संभव होगा और क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के बेहतर अवसर मिलेंगे। यह निर्णय पूर्वांचल क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए केंद्र के रूप में विकसित होने की दिशा में अहम कदम है। द्वितीय संशोधन विधेयक के माध्यम से शाहजहांपुर स्थित मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट की शैक्षिक इकाइयों को उच्चीकृत कर स्वामी सुखदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया गया है। मंत्री ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा एमओयू करके अपनी चल - अचल द्वारा अपनी भूमि और संसाधन सरकार को हस्तांतरित कर विश्वविद्यालय स्थापना में सहयोग दिया गया है।

जहां पहले कई मंडलों में सरकारी विश्वविद्यालयों का अभाव था, वहीं अब लगातार नए विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। सरकार की उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति के तहत हर जिले तक विश्वविद्यालय पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे शिक्षा का संतुलित और विकेंद्रीकृत विकास सुनिश्चित हो सके।

## केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता : केशव



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी



की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे। श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

**उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है।**

**मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे-यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।**

### हर व्यक्ति की समस्या का सम्भव निदान

मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें।

# ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर युवती से रेप

## अश्लील वीडियो बनाकर स्पा सेंटरों में कराया काम

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में 20 साल की युवती ने ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर लखनऊ लाकर दुष्कर्म और जबरन देह व्यापार कराने का आरोप लगाया है। आरोपियों ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर मिलने बुलाया। इसके बाद उसे देह व्यापार के धंधे में उतार दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। दरियागंज, नई दिल्ली की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि साल 2021 में उसकी मुलाकात नौकरी तलाशने के दौरान किशनगंज बिहार निवासी कमरु जमाल उर्फ जावेद से हुई। कमरु ने नौकरी दिलाने का झांसा दिया और लखनऊ बुलाया। इसके बाद अनैतिक काम करवाए गए। पीड़िता के मुताबिक आरोपी उसे गोमतीनगर स्थित एक कैफे में ले गया, जहां नशे की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया गया और



अश्लील वीडियो बना लिया गया। बाद में वही वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया गया। आरोप है कि इसके बाद उसे एक स्पा सेंटर ले जाया गया, जहां जफर हयात इदरीसी, कमर हयात इदरीसी, आमिर समेत अन्य लोगों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी वीडियो बनाई। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उसे लखनऊ, फैजाबाद समेत अन्य स्थानों के स्पा सेंटरों में जबरन भेजा, जहां कई लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। इसके बदले में आरोपी मोटी रकम वसूलते थे।

**संबोधन : शांति, भाईचारे और देश की एकता को समर्पित है आप की पदयात्रा : संजय सिंह**

# डुमरियागंज में 'नफरत मिटाओ संविधान बचाओ पदयात्रा

- भाजपा ने विधानसभा क्षेत्रों को नफरत की प्रयोगशाला बना दिया है, यह पदयात्रा उसी नफरत के खिलाफ
- सरकार का काम बुलडोजर चलाना नहीं, नौजवानों को रोजगार और किसानों को उनका हक देना है: संजय सिंह

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में फैलाई जा रही नफरत की राजनीति के खिलाफ और संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ सोमवार को



सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज में आयोजित आम आदमी पार्टी की 'नफरत मिटाओ–संविधान बचाओ पदयात्रा' में अभूतपूर्व जनसमर्थन उमड़ा। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ नेता संजय सिंह का फूल-मालाओं से स्वागत किया। उमड़ी भीड़ ने साफ संकेत दिया कि जनता अब नफरत, विभाजन और उन्माद की राजनीति से तंग आ चुकी है और उसे संविधान, बराबरी और भाईचारे पर आधारित भारत चाहिए।

पदयात्रा को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डुमरिया-गंज विधानसभा क्षेत्र को योजनाबद्ध तरीके से नफरत की प्रयोगशाला में बदल दिया गया है। आए दिन भड़काऊ बयान और विभाजनकारी कार्यक्रम आयोजित कर समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है। यह पदयात्रा उसी सुनियोजित नफरती राजनीति के खिलाफ जनजागरण का अभियान है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह देश किसी बाबा के फरमान से नहीं, बल्कि बाबा साहब के संविधान से चलेगा और चलेगा भी उसी रास्ते पर।



**आप सांसद ने बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इमरान लतीफ का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सफल इंजीनियरिंग करियर छोड़कर राजनीति में आए इमरान लतीफ लगातार क्षेत्र के बुनियादी सवाल उठा रहे हैं और नफरत की राजनीति से सीधी लड़ाई लड़ रहे हैं। यही आम आदमी पार्टी की पहचान है-जमीन से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष।**

**देश किसी बाबा के फरमान से नहीं, बल्कि बाबा साहब के संविधान से चलेगा : संजय सिंह**

# बहन के बॉयफ्रेंड का सर्जिकल ब्लेड से गला रेता 18 टांके लगे

## लखनऊ में 2 छोटे भाइयों ने घर में घुसकर हत्या की कोशिश की

**तमसा संकेत, संवाददाता**

दुबग्गा । लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि उसकी गर्लफ्रेंड के 2 भाइयों ने घर में घुसकर ऑपरेशन में इस्तेमाल होने वाले ब्लेड (सर्जिकल ब्लेड) से उसका गला रेत दिया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने दोनों हमलावर भाइयों को पकड़ लिया। बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। उसके गले में 18 टांके लगे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना खुशहालगंज, थाना पारा निवासी महेंद्र कन्नौजिया (25) के साथ हुई। परिजनों के मुताबिक, महेंद्र का काकोरी थाना



क्षेत्र निवासी 27 साल की एक युवती से प्रेम प्रसंग है। 14 फरवरी, शनिवार शाम करीब 5:30 बजे महेंद्र के घरवालों ने युवती को अपने घर बुलाया। उससे महेंद्र से दूरी बनाने की बात शुरू की। पीड़ित पक्ष ने दोनों हमलावरों को ब्लेड सहित पारा थाने ले गया। उन्हें पुलिस के हवाले करके लिखित शिकायत दी। प्रभारी निरीक्षक पारा ने बताया कि तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### युवती के भाइयों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला किया

इसी दौरान युवती के 2 छोटे भाई शिवम गौतम और अनुराग गौतम महेंद्र के घर पहुंच गए। दोनों भाई घर के बरामदे में घुस गए। महेंद्र को गिराकर उसके गले पर सर्जिकल ब्लेड से वार करने लगे। अचानक हुए इस हमले से घर में अफरा-तफरी मच गई। महेंद्र के पिता संतू और उनके भाई रमेश ने किसी तरह हमलावरों के हाथ से ब्लेड छीना। दोनों को पकड़ लिया। हमले में महेंद्र के गले पर गंभीर चोट लगी, जिससे वह बेहोश हो गया।

## जिलाधिकारी ने केजीबीवी छात्राओं की बसों को दिखाई हरी झंडी, दो चरणों में कार्यक्रम

# जिले की 400 छात्राएं लखनऊ एक्सपोज़र विजिट पर रवाना

**विजिट से पहले सभी छात्राओं और शिक्षिकाओं के लिए आवश्यक निर्देश और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए गए। यातायात और यात्रा सुरक्षा के लिए पीआरडी कर्मियों की टीम प्रत्येक बस के साथ मौजूद रहेगी। इसके अलावा लखनऊ में भ्रमण स्थलों पर भी सुरक्षा एवं मार्गदर्शन के लिए स्थानीय प्रशासन के सहयोग की व्यवस्था की गई है।**

**दौरा**

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर के चार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं को शैक्षणिक एक्सपोज़र विजिट के लिए लखनऊ भेजा गया। सोमवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने केजीबीवी कटेहरी, रामनगर, भियांव और जहांगीरगंज की छात्राओं की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम के तहत कुल 400 छात्राओं को दो- दो बसों में विभाजित कर प्रथम चरण में लखनऊ भेजा गया। छात्राओं के साथ शिक्षिकाएं, वार्डन और पीआरडी कर्मी भी लखनऊ गए हैं। वहां छात्राओं को तारामंडल, जनेश्वर मिश्र पार्क, चिड़ियाघर और अन्य शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देश एवं जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में यह विजिट आयोजित की जा रही है। विजिट का प्रथम चरण सोमवार को आयोजित किया गया। प्रत्येक कस्तूरबा विद्यालय से दो- दो बसों में कुल 400 छात्राओं को लखनऊ भेजा गया। द्वितीय चरण 17 फरवरी 2026 को आयोजित होगा, जिसमें अन्य चार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राएं शामिल होंगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षा नीति का हिस्सा है, जिसमें छात्राओं को व्यावहारिक शिक्षा और अनुभव के माध्यम से ज्ञान का विस्तार करने का अवसर दिया जाता है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक्सपोज़र विजिट का उद्देश्य छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान के अलावा व्यावहारिक और अनुभवात्मक शिक्षा से अवगत कराना है।

### एक्सपोज़र विजिट का उद्देश्य

शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को ज्ञानवर्धक स्थलों, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है। छात्राएं न केवल पर्यावरण, विज्ञान और जीव-जंतु से संबंधित जानकारियों से अवगत होंगी, बल्कि शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को भी समझ पाएंगी।

इसके साथ ही छात्राओं की सामान्य जीवन कौशल और सामाजिक व्यवहार में सुधार लाने के लिए विजिट को विशेष महत्व दिया गया है। प्रत्येक छात्रा के लिए भोजन और जलपान की पूर्ण व्यवस्था की गई है।

### छात्राओं और शिक्षिकाओं की तैयारी

छात्राओं ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि इस विजिट से उन्हें शहर के शैक्षणिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक स्थलों को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। शिक्षिकाओं ने बताया कि इस प्रकार के एक्सपोज़र विजिट से छात्राओं में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और सामाजिक कौशल विकसित होते हैं।

# अकबरपुर स्टेशन के पास दून एक्सप्रेस से टकराया वृद्ध

## साईं प्लाजा क्रॉसिंग पर हादसा, चालक की सतर्कता से टली बड़ी अनहोनी

**हादसा**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। अकबरपुर रेलवे स्टेशन के समीप सांई प्लाजा क्रॉसिंग के पास सोमवार को एक गंभीर रेल हादसा हो गया। एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति दून एक्सप्रेस के नीचे आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रेन चालक ने तत्काल ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका, जिससे संभावित बड़ी अनहोनी टल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन की रफ्तार अधिक नहीं थी, जिससे चालक को समय रहते ब्रेक लगाने का अवसर मिला। हादसे के बाद रेल यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम तुरंत पहुंची। घायल को ट्रैक से सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार वृद्ध की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना के दौरान आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। रेलवे सुरक्षा बल और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और राहत एवं बचाव कार्य पूरा कराया।

### पहचान की कोशिश में जुटी पुलिस

घायल वृद्ध की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी और स्थानीय पुलिस उसकी पहचान कराने के प्रयास में जुटी हैं। आसपास के लोगों और यात्रियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को घायल व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल प्रशासन को सूचित करें। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी जाएगी।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय तिवारी हुए हाउस अरेस्ट

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय तिवारी को सोमवार को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ में प्रस्तावित विधानसभा घेराव की तैयारी कर रहे थे।

कांग्रेस द्वारा मनरेगा कानून वापसी के विरोध में प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का लखनऊ पहुंचना तय था। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता विपक्ष राहुल गांधी और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के समर्थन का उल्लेख किया गया है।

जानकारी के अनुसार, अंबेडकरनगर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लखनऊ जाने की तैयारी थी। इससे पहले ही स्थानीय प्रशासन ने एहतियातन कदम उठाते हुए संजय तिवारी समेत कई कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर ही रोक दिया। पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

**मनरेगा कानून वापसी को लेकर विधानसभा घेराव से पहले प्रशासन की कार्रवाई**

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक बयान देर शाम तक जारी नहीं किया गया था।

# विवेक मौर्य ने भागवत कथा महापुराण ज्ञानयज्ञ में लिया हिस्सा

## अयोध्याजी के पीठाधीश्वर महंत रामशंकर दास वेदांती से प्राप्त किया आशीष

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी के निवास पर आयोजित भागवत कथा महापुराण ज्ञानयज्ञ में भाजपा के वरिष्ठ नेता विवेक मौर्य ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर अयोध्याजी के पीठाधीश्वर महंत रामशंकर दास वेदांती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को पवित्र आशीष प्रदान किया। विवेक मौर्य ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ मिलकर कथा का अनुभव साझा किया और धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में नैतिक शिक्षा, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक सामंजस्य को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में नारायण फाउंडेशन के संरक्षक और स्थानीय सामाजिक संगठन भी उपस्थित रहे। विवेक मौर्य ने उनकी सहभागिता का स्वागत किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग खुलता है। विवेक मौर्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए यह स्पष्ट किया कि धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक शिक्षा का उद्देश्य समाज में सामूहिक चेतना और नैतिक मूल्यों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत आस्था के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### कार्यक्रम में भूमिका और सहभागिता

भागवत कथा महापुराण ज्ञानयज्ञ में विवेक मौर्य ने कथावाचक के उपदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं के बीच धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाया। उनके मार्गदर्शन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा के विभिन्न शिक्षाप्रद पहलुओं को आत्मसात किया।

विवेक मौर्य ने बताया कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल आध्यात्मिक लाभ नहीं देते, बल्कि यह समाज में नैतिकता, अनुशासन और सामूहिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

## कार-बाइक टक्कर, युवक की मौके पर मौत

अंबेडकरनगर । अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर देर शाम रमाबाई स्कूल के पास एक तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

यह दुर्घटना बसखारी की तरफ जा रही एक कार और बाइक के बीच हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार का एक पैर कटकर घटनास्थल से दूर जा गिरा।

मृतक की पहचान अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के न्यूतरिया निवासी 40वर्षीय राकेश के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर कोतवाल श्री निवास पांडेय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अनुपम शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने घटनास्थल का जायजा लिया।

# अंबेडकर नगर में मेगा हेल्थ कैंप ने रचा नया इतिहास

## 5000 परिवारों ने स्वास्थ्य शिविर में लिया लाभ

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। 14 फरवरी को आयोजित मेगा हेल्थ कैंप ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस आयोजन में लगभग 5000 परिवारों ने न केवल स्वास्थ्य परामर्श लिया, बल्कि ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और अन्य जरूरी जांचों का लाभ भी उठाया। यह स्वास्थ्य शिविर जिले का अब तक का सबसे बड़ा और सुव्यवस्थित चिकित्सा अभियान साबित हुआ।

कैंप में अंबेडकर नगर के छोटे-बड़े सभी डॉक्टरों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। डॉ. अरुण मौर्या, डॉ. विवेक मल्होत्रा, डॉ. आदेश, डॉ. विवेक अग्रहरि, डॉ. पी.पी. वर्मा, डॉ. प्रियांक गुप्ता, डॉ. सोनल आनंद और डॉ. संदीप यादव वॉलंटियर के रूप में शामिल होकर इस सेवा अभियान की सफलता सुनिश्चित की। विशेष रूप से साईं पैथ लैब के हरिओम तिवारी और सूर्यांजलि डायग्नोस्टिक के विवेक सिंह ने तकनीकी और संसाधन सहयोग देकर कैंप की रीढ़ के रूप में कार्य किया। साथ ही पैरामेडिकल टीम, नर्सिंग स्टाफ और हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने प्रोफेशनल तरीके से हर जांच और परामर्श प्रक्रिया को व्यवस्थित किया।

**ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे सहित सभी जांचें उपलब्ध**

# जंगल ढाक भूमि पर फिर कब्जा

## भीटी तहसील के लोहझरा गांव का मामला, गाटा संख्या 106 पर सवाल

**राजस्व कार्रवाई के बाद भी नहीं रुकी अवैध खेती**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। भीटी तहसील अंतर्गत ग्राम सभा लोहझरा में गाटा संख्या 106 की जंगल ढाक भूमि पर दोबारा अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। राजस्व अभिलेखों के प्रपत्र 41 और 45 में दर्ज यह भूमि ग्राम सभा की संपत्ति है और जंगल ढाक खाते में दर्ज होने के कारण संरक्षित श्रेणी में आती है। इसके बावजूद कब्जेदारों द्वारा दोबारा खेती किए जाने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय स्तर पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि पूर्व में प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि नोटिस और प्रारंभिक कार्रवाई के बाद भी भूमि पर पुनः कब्जा कर खेती शुरू कर दी गई है। उनका कहना है कि यह भूमि पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है और यहां पेड़-पौधों की कटाई से प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। कुछ ग्रामीणों का यह भी कहना है कि ग्राम सभा ने इस भूमि को वन विभाग को सौंपने का समर्थन किया था, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस कारण कब्जेदारों के हौसले बढ़े हैं। मामले में वन विभाग की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। चूंकि भूमि जंगल ढाक खाते में दर्ज है, ऐसे में संरक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी को लेकर स्पष्टता की मांग की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते निगरानी और कार्रवाई होती तो दोबारा कब्जे की स्थिति न बनती। जिले में पूर्व में भी ग्राम सभा और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी की गई है, लेकिन लोहझरा का प्रकरण अभी तक निर्णायक स्थिति में नहीं पहुंच सका है।

**ग्रामीणों ने प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और राजस्व व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि अभिलेखों में दर्ज भूमि पर अवैध खेती जारी रही तो भविष्य में और अतिक्रमण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।**

### पहले हुई थी बेदखली की कार्रवाई

राजस्व विभाग के सूत्रों के अनुसार उपजिलाधिकारी भीटी ने पूर्व में इस भूमि को खाली कराने के आदेश पारित किए थे। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा अवैध कब्जेदारों को नोटिस भी तामील कराया गया था। मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए आख्या तहसीलदार को प्रेषित की गई थी। तहसील स्तर से राजस्व निरीक्षक को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, दो वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो अंतिम आख्या प्रस्तुत होने की जानकारी सामने आई और न ही मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि हो सकी।

# विकासखंड टांडा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

## स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाकर अधिक से अधिक 'ड्रोन दीदी' एवं 'लखपति दीदी' तैयार करने के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता





अम्बेडकरनगर । जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा विकासखंड टांडा स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा प्रकोष्ठ, लेखा प्रकोष्ठ, ग्रामीण आवास प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित नेहरू मिलन केंद्र कक्ष तथा कार्यालय परिसर में नवनिर्मित शौचालय आदि का स्थलीय अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों के प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने विकासखंड में स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं संचालन की स्थिति को संतोषजनक पाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अधिक से अधिक "ड्रोन दीदी" तैयार की जाएं। वर्तमान में विकासखंड में एक ड्रोन दीदी द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समूह की दीदियों को हार्वेस्टर सहित अन्य रोजगारपरक योजनाओं एवं संसाधनों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने के सम्मान विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समूहों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिक से अधिक दीदियां "लखपति दीदी" की श्रेणी में सम्मिलित होकर शासन की मंशा के अनुरूप "करोड़पति समूह" की दिशा में अग्रसर हो सकें।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों में "प्रेरणा कैंटीन" खोले जाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हों। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी टांडा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय क्षमता-वर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर। दसरा के सहयोग से जन शिक्षण केंद्र कुटियावा द्वारा सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के लिए गोमती होटल में एक दिवसीय क्षमता-वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके कार्यक्षेत्र में व्यावहारिक कौशल और सामाजिक कार्य की स्पष्ट समझ प्रदान करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिराम और राम सागर ने किया। प्रशिक्षण का संचालन और मुख्य चर्चा पुष्पा पाल, सचिव जन शिक्षण केंद्र, द्वारा किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत उद्घाटन सत्र और प्रतिभागियों के परिचय से हुई। इसमें सभी ने "मैं सामाजिक कार्यकर्ता क्यों हूँ?" विषय पर अपने विचार साझा किए। इस प्रक्रिया से प्रतिभागियों ने स्वयं के उद्देश्यों और सामाजिक जिम्मेदारी को स्पष्ट रूप से समझा।

**जन शिक्षण केंद्र कुटियावा ने आयोजित किया व्यावहारिक प्रशिक्षण**

प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक कार्य की परिभाषा, सामाजिक समस्याओं की पहचान, समस्या विश्लेषण, समुदाय के साथ संवाद और विश्वास निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

विशेष सत्र में सरकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को जोड़ने की प्रक्रिया, सरल कार्य-योजना (Action Plan) बनाने की तकनीक, संवाद कौशल, रिपोर्ट लेखन और नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण दिया गया।

## आरोप : बसखारी में साहित्यिक संस्था बज़्मे सुखन ने दी श्रद्धांजलि

# मिर्जा ग़ालिब की 157वीं पुण्यतिथि पर 'एक शाम ग़ालिब के नाम' कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर। उर्दू के महान शायर मिर्जा ग़ालिब की 157वीं पुण्यतिथि पर साहित्यिक संस्था बज़्मे सुखन के तत्वावधान में रविवार की शाम शालीमार लॉन, बसखारी में ₹एक शाम मिर्जा ग़ालिब के नाम₹ साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हकीम इरफान आजमी ने किया।

कुमैल सिद्दीकी के संरक्षण और शशि सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज, हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने ग़ालिब की शायरी की विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग़ालिब की शायरी में ख्यालात की गहराई और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनकी शख्सियत उर्दू अदब की दुनिया में आज भी एक चमकता सितारा है। कुमैल सिद्दीकी ने कहा कि ग़ालिब की रचनाएं समय और सीमाओं से परे हैं। उनके विचार और शेर आज भी समाज और साहित्य में प्रासंगिक हैं। शशि सिंह ने कहा कि साहित्य समाज को सोचने और समझने की दिशा देता है, और ग़ालिब की शायरी इसी दृष्टि से समाज में विचार और चेतना जगाती है। सुम्मुन खातून टांडवी ने ग़ालिब की ग़ज़लों में जुबान की नजाकत और इंसानी जज़्बात की प्रखरता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि ग़ालिब की शायरी में भाषा की मधुरता और भावनाओं की गहराई हर पाठक को प्रभावित करती है। डॉ. मायादेवी ने ग़ालिब की शायरी के सामाजिक और ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग़ालिब ने अपने समय के उतार-चढ़ाव और मानव जीवन की विभिन्न परिस्थितियों को भी अपनी शायरी में प्रतिबिंबित किया है। इस कार्यक्रम ने न केवल ग़ालिब की शायरी की महत्ता को उजागर किया, बल्कि साहित्यिक चेतना और उर्दू भाषा के प्रति सम्मान को भी बढ़ावा दिया।

### ग़ज़लों और रचनाओं का पाठ

कार्यक्रम में हकीम इरफान आजमी, नसीम सिद्दीकी, कुमैल डोंडवी और सुम्मुन खातून ने ग़ालिब की मशहूर ग़ज़लों और अपनी रचनाओं का पाठ कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पाठ के दौरान उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने ग़ालिब के शेरों और उनके अर्थों को ध्यानपूर्वक सुना। मोहम्मद असलम खान ने कहा कि ग़ालिब की शायरी में जीवन के अनुभव, प्रेम और समाज की संवेदनाओं का सटीक चित्रण मिलता है। उन्होंने कहा कि ग़ालिब की शैली और भाषा आज भी साहित्य प्रेमियों और विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करती है।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय क्षमता-वर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर। दसरा के सहयोग से जन शिक्षण केंद्र कुटियावा द्वारा सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के लिए गोमती होटल में एक दिवसीय क्षमता-वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके कार्यक्षेत्र में व्यावहारिक कौशल और सामाजिक कार्य की स्पष्ट समझ प्रदान करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिराम और राम सागर ने किया। प्रशिक्षण का संचालन और मुख्य चर्चा पुष्पा पाल, सचिव जन शिक्षण केंद्र, द्वारा किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत उद्घाटन सत्र और प्रतिभागियों के परिचय से हुई। इसमें सभी ने "मैं सामाजिक कार्यकर्ता क्यों हूँ?" विषय पर अपने विचार साझा किए। इस प्रक्रिया से प्रतिभागियों ने स्वयं के उद्देश्यों और सामाजिक जिम्मेदारी को स्पष्ट रूप से समझा। प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक कार्य की परिभाषा, सामाजिक समस्याओं की पहचान, समस्या विश्लेषण (Problem Tree), समुदाय के साथ संवाद और विश्वास निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने समूह चर्चा, रोल-प्ले और केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। विशेष सत्र में सरकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को जोड़ने की प्रक्रिया, सरल कार्य-योजना बनाने की तकनीक, संवाद कौशल, रिपोर्ट लेखन और नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण दिया गया।

**जन शिक्षण केंद्र कुटियावा ने आयोजित किया व्यावहारिक प्रशिक्षण**

# सम्पादकीय

## एआई शिखर समिट, भविष्य पर केंद्रित एक व्यापक सम्मेलन




नई दिल्ली में शुरू हो रहे एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन की महत्ता केवल इसलिए नहीं है कि यह एक पांच दिवसीय वैश्विक आयोजन है। इसका महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसमें 15 से अधिक देशों के शासनाध्यक्षों के साथ 50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं। विश्व भर के एआई विशेषज्ञ एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी इस सम्मेलन के आकर्षण को और बढ़ा रही है।

इस आयोजन के प्रति दिलचस्पी को इससे समझा जा सकता है कि दो लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। एक तरह से यह सम्मेलन जी 20 शिखर सम्मेलन से भी अधिक प्रभावशाली एवं विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचने वाला हो सकता है। चूंकि यह भविष्य पर केंद्रित एक व्यापक सम्मेलन है, इसलिए यह आशा की जाती है कि इसके जरिये एआई को एक जिम्मेदार, टिकाऊ और समावेशी तकनीक के रूप में विकसित एवं विस्तारित करने पर सहमति बनेगी।

ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि विश्व भर में एआई का प्रभाव और उसका बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जीवन के हर क्षेत्र में एआई का प्रभाव बढ़ता हुआ दिख रहा है। यह सर्वथा उचित है कि इस सम्मेलन में एआई की चुनौतियों से निपटने पर भी विचार-विमर्श होगा, लेकिन बात तब बनेगी जब उससे निपटने के किसी प्रभावी तंत्र पर सहमति भी बनेगी।

यह सहमति इसलिए आवश्यक है, क्योंकि फिलहाल एआई पर चंद बड़े राष्ट्रों का ही वर्चस्व कायम है। यदि इस तकनीक का प्रसार अविकसित एवं निर्धन देशों तक नहीं पहुंचता तो इससे दुनिया में विषमता और अधिक बढ़ेगी ही। एआई का उपयोग समावेशी, नैतिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो, इसके लिए मेजबान भारत के साथ-साथ सभी देशों को प्रयत्न करने होंगे। तकनीक के संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि प्रत्येक तकनीकी विकास अपने साथ कुछ विसंगतियां एवं खतरे भी लाता है। एआई के साथ तो ऐसा कुछ अधिक ही है। इसके दुरुपयोग के मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। निःसंदेह एआई विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है, लेकिन उसका दुरुपयोग जिस तरह बढ़ रहा है, उससे उपयोगकर्ताओं के बीच उसके प्रति विश्वसनीयता और भरोसे का संकट पैदा हो रहा है।

यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि एआई का दुरुपयोग रोकने की जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों पर डाली जाए और इसके लिए उन्हें जवाबदेह भी बनाया जाए। एआई अपने साथ जो चुनौतियां लेकर आई है, उनमें एक यह भी है कि उसके कारण कई परंपरागत नौकरियां खत्म हो रही हैं।

निःसंदेह यह तकनीक परंपरागत नौकरियों को खत्म करने के साथ नई नौकरियां का सृजन भी कर रही है। एक तरह से एआई चुनौतियों के साथ अवसर भी है। भारत को इस अवसर को भुनाने के लिए अपने लोगों को एआई के उपयोग के प्रति सक्षम बनाने के लिए और अधिक सक्रियता दिखानी होगी।

# क्या भारत में 2046 तक बच्चों से ज्यादा बुजुर्ग होंगे?

> राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राज्य में चल रहे सभी 31 वृद्धाश्रमों (ओल्ड एज होम) की जाँच कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगा जिसमें वृद्धाश्रमों में चिकित्सा की सुविधा, फूड क्वालिटी, भवनों की स्थिति, सफाई और सुरक्षा के इंतजामों के विषय में विस्तार से बताया जाएगा।



राजस्थान हाईकोर्ट ने बुजुर्गों की हालत को लेकर गंभीर चिंता जताई है। अदालत का कहना है कि 2046 तक देश में बच्चों से ज्यादा बुजुर्ग होंगे लेकिन उनके लिए हमारा सिस्टम अभी तैयार नहीं है। इसी चिंता के बीच हाई कोर्ट की जयपुर बेंच ने राज्य के वृद्धाश्रमों की स्थिति की पड़ताल का आदेश दिया है ताकि यह पता चल सके कि वहाँ रहने वाले बुजुर्गों को वास्तव में कैसी सुविधाएँ मिल रही हैं और सिस्टम जमीनी स्तर पर कितना प्रभावी है। अदालत की यह टिप्पणी अहम है, जो भारत अभी सबसे युवा देश है, रफ्तार से दौड़ रहा है उसे अपने बुजुर्गों की भी चिंता करने की आवश्यकता है।

हाईकोर्ट ने बुजुर्गों की सामाजिक स्थिति पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को हमेशा सम्मान और आदर का स्थान दिया गया है लेकिन समय के साथ यह परंपरा कमजोर होती जा रही है। संयुक्त परिवारों के टूटने, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बदलती जीवनशैली ने बुजुर्गों को समाज में धीरे-धीरे असहाय और उपेक्षित स्थिति में पहुँचा दिया है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि समाज और व्यवस्था दोनों को बुजुर्गों की बदलती जरूरतों को समझते हुए अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार होना होगा। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज (आईआईपीएस) ने सितंबर 2023 में एक रिपोर्ट जारी की थी। यह रिपोर्ट देश और दुनिया के प्रमुख जनसंख्या और वृद्धावस्था संबंधी आँकड़ों के आधार पर तैयार की गई है। इसमें आईआई-पीएस द्वारा किए गए 'लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग सर्वे इन इंडिया (2017-18)', भारत की जनगणना, भारत सरकार के जनसंख्या अनुमान (2011-2036) और संयुक्त राष्ट्र के विश्व जनसंख्या संभावनाएँ 2022 से प्राप्त आँकड़ों को आधार बनाया गया है रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया में साल 2022 में करीब 110 करोड़ लोग ऐसे थे जिनकी उम्र 60 साल या उससे ज्यादा थी। यह दुनिया की कुल आबादी का लगभग 13.9 प्रतिशत था। अगले 30 सालों में बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ने वाली है। अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या बढ़कर करीब 210 करोड़ हो जाएगी और तब दुनिया की कुल आबादी में बुजुर्गों का हिस्सा करीब 22 प्रतिशत तक पहुँच जाएगा। यह बदलाव दुनिया के हर हिस्से में दिखाई देगा।

भारत में भी ऐसा ही होगा। साल 2022 में भारत में करीब 14.9 करोड़ बुजुर्ग थे, जिनकी उम्र 60 साल या उससे ज्यादा थी। यह देश की कुल आबादी का लगभग 10.5 प्रतिशत था। लेकिन 2050 तक बुजुर्गों की संख्या बढ़कर करीब 34.7 करोड़ हो जाएगी और तब देश की आबादी में उनका हिस्सा करीब 21 प्रतिशत तक पहुँच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2022 के बीच भारत की कुल आबादी में करीब 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई लेकिन इसी दौरान 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या 103 प्रतिशत तक बढ़ गई, यानी बुजुर्गों की संख्या देश की कुल आबादी से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ी। इससे भी ज्यादा तेज बढ़ोतरी 80 साल से ऊपर उम्र के लोगों में हुई। इस उम्र वर्ग की आबादी में इस दौरान करीब 128 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आगे के अनुमान और भी चौंकाने वाले बताए जा रहे हैं। साल 2022 से 2050 के बीच भारत की कुल आबादी में सिर्फ 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है जबकि बुजुर्गों की संख्या करीब 134 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसी अवधि में 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या लगभग 279 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। खास बात यह है कि बहुत ज्यादा उम्र के बुजुर्गों में महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा होगी। इनमें बड़ी संख्या विधवा और दूसरों पर निर्भर रहने वाली महिलाओं की होगी। जैसे-जैसे उम्र 60 से 80 साल के बीच बढ़ेगी, बुजुर्ग महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में लगातार बढ़ती जाएगी। अनुमान के अनुसार साल 2046 तक भारत में बुजुर्गों की संख्या बच्चों (0 से 14 वर्ष) से ज्यादा हो जाएगी। वहीं, 2050 तक देश की कामकाजी उम्र की आबादी (15 से 59 वर्ष) में गिरावट आने लगेगी। आँकड़ों से स्पष्ट है कि भारत तेजी से 'एजिंग सोसाइटी' की और बढ़ रहा है। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और जन्मदर में गिरावट ने मिलकर भारत के 'एज स्ट्रक्चर' को बदल दिया है। यह आँकड़ों का यह बदलाव लोगों और देश दोनों के लिए ही चुनौती लाने वाले है वो भी ऐसे वक्त में जब भारत को अपनी बूढ़ी होती आबादी की चिंता के लिए बहुत काम करना बाकी है। सामाजिक-आर्थिक तौर पर उम्र का यह बदलाव कई तरह के असर दिखाएगा जिससे निपटने भारत के लिए चुनौती होने वाला है। भारत में 60 साल की उम्र के बाद औसतन लोग करीब 18.3 साल और जीवित रहते हैं। इसमें महिलाओं की उम्र पुरुषों से ज्यादा होती है। 60 साल की उम्र के बाद महिलाएँ औसतन लगभग 19 साल और पुरुष लगभग 17.5 साल तक जीवित रहते हैं। महिलाएँ पुरुषों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहती हैं जिसके कारण वृद्ध महिलाओं की संख्या अधिक होती है। इनमें से बड़ी संख्या विधवाओं की होती है, जो अकेले रहती हैं और परिवार पर निर्भर होती हैं। सामाजिक सुरक्षा की सीमित व्यवस्था और सामाज के पितृस-त्तात्मक ढाँचे के कारण वृद्ध महिलाएँ अधिक असुरक्षित स्थिति में होती हैं। जानकारों के अनुसार इसका एक अन्य पहलू ग्रामीणीकरण बताया जा रहा है। भारत की 71 प्रतिशत वृद्ध आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, सीमित परिवहन सुविधाएँ, कम आय और सामाजिक अलगाव वृद्ध लोगों की समस्याओं को और बढ़ सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में युवा आबादी का शहरों की ओर पलायन भी वृद्ध लोगों को अकेला छोड़ देता है जिससे वे खुद भी भावनात्मक और सामाजिक रूप से अधिक कमजोर हो जाते हैं।

भारत में वृद्धों की आर्थिक स्थिति एक गंभीर चिंता का विषय है। उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, केवल 11 प्रतिशत वृद्ध पुरुषों को वर्क पेंशन मिलती है और 16.3 प्रतिशत को सामाजिक पेंशन प्राप्त होती है। वहीं, वृद्ध महिलाओं में 27.4 प्रतिशत केवल सामाजिक पेंशन पर निर्भर हैं और मात्र 1.7 प्रतिशत को कार्य पेंशन मिलती है।

**रामस्वरूप रावतसरे**

## लिहाजा यह समिट एआई...

कमलेश पांडेय

# एआई इम्पैक्ट सम्मिट 2026 के नीतिगत-समूहगत वैश्विक मायने

एआई इम्पैक्ट समिट 2026 भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में 16-20 फरवरी 2026 को आयोजित एक प्रमुख वैश्विक आयोजन है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के जिम्मेदार और समावेशी विकास पर केंद्रित है। यह समिट ग्लोबल साउथ के लिए पहला बड़ा AI शिखर सम्मेलन है, जो 100+ देशों से 35,000+ प्रतिनिधियों को एकजुट कर रहा है। देखा जाए तो यह समिट इंडियाAI मिशन के तहत आयोजित हो रहा है जिसमें राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, उद्योग नेता, शोधकर्ता और सिविल सोसाइटी शामिल होंगे।

वास्तव में यह आयोजन UK AI Safety Summit, Seoul AI Summit जैसे पूर्व आयोजनों की निरंतरता में वैश्विक AI सहयोग को मजबूत करेगा जिसका मुख्य थीम 'पीपुल, प्लैनेट, प्रोग्रेस' है। ये नीतियों को व्यावहारिक प्रभाव में बदलने पर जोर देता है। इस समिट का वैश्विक महत्व यह है कि AI इम्पैक्ट समिट AI के लोकतंत्रीकरण पर फोकस करता है, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए संसाधनों को सुलभ बनाने हेतु सक्रिय किया गया है।

वहीं, भारत की पूरक नवाचार क्षमता ग्लोबल AI नेतृत्व स्थापित करने में मदद करेगी, साथ ही जिम्मेदार AI शासन के मानकों को आकार देगी। इसमें 16 देशों के राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी आर्थिक




कूटनीति और विकासशील राष्ट्रों की आवाज को मजबूत करेगी। इसकी प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं जो डेमोक्रेटाइजिंग AI रिसोर्सेज वर्किंग ग्रुप (भारत, मिस्र, केन्या सह-अध्यक्ष) सार्वजनिक AI संसाधनों को किफायती बनाने पर काम कर रहा है।

जहां तक इसके वैश्विक प्रभाव की बात है तो इससे जुड़ीं चुनौतियां समावेशी AI नवाचारों को प्रोत्साहित करेंगी। लिहाजा यह समिट AI को आर्थिक-रणनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित कर वैश्विक विभाजन को पाटेगा। दरअसल, एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का मुख्य एजेंडा एआई को जिम्मेदार, समावेशी और प्रभावी बनाने पर केंद्रित है, जो तीन सूत्रों—लोग (People), ग्रह (Planet), और प्रगति (Progress)—पर आधारित है। यह एजेंडा एक्शन से इंपैक्ट की ओर बढ़ने पर जोर देता है, जिसमें नीतियों को व्यावहारिक बदलावों में बदलना शामिल है। इस आयोजन का मुख्य सूत्र ,निम्नवत हैः- पहला, लोग (People) यानी एआई का समावेशी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय में उपयोग। दूसरा, ग्रह (Planet) यानी पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से लड़ाई और सतत विकास। और तीसरा, प्रगति (Progress) यानी आर्थिक विकास, उत्पादकता वृद्धि और नवाचार को बढ़ावा। इसके दृष्टिगत ही प्रमुख सत्र और चक्र को निर्धारित किया गया है। एआई इम्पैक्ट समिट को सात 'चक्रों' (फोकस एरियाज) में बांटा गया है जो कार्यशालाओं, पैनल चर्चाओं और उच्च-स्तरीय बैठकों के रूप में आयोजित होंगे। पहला, डेमोक्रेटाइजिंग AI रिसोर्सेज यानी सार्वजनिक AI संसाधनों को किफायती बनाना (भारत, मिस्र, केन्या सह-अध्यक्ष)। दूसरा, वैश्विक प्रभाव चुनौतियां यानी समावेशी AI नवाचारों को प्रोत्साहन। तीसरा, अन्य सत्र जैसे वैज्ञानिक शोध में AI (डॉ. अर्चना शर्मा जैसे विशेषज्ञ), उद्योग नेताओं के साथ नीति चर्चा, और टेक दिग्गजों की भागीदारी।

जहां तक इसके अपेक्षित परिणाम की बात है तो ये सत्र 100+ देशों के नेताओं, वैज्ञानिकों और उद्योगपतियों को जोड़कर वैश्विक AI शासन के मानक स्थापित करेंगे। यह समिट 16-20 फरवरी को नई दिल्ली में चल रहा है, जो ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को मजबूत करेगा। दरअसल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से अपेक्षित प्रमुख परिणाम जिम्मेदार AI के वैश्विक मानकों को मजबूत करना और ग्लोबल साउथ के लिए समावेशी विकास को बढ़ावा देना हैं। यह समिट मापने योग्य प्रभावों पर केंद्रित है, जैसे AI संसाधनों का लोकतंत्रीकरण और नीतिगत सहमति। इस दौरान नीतिगत समझौते भी होंगे। इस समिट से AI शासन के लिए सात कार्य समूहों (चक्रों) के माध्यम से ठोस प्रतिबद्धताएं अपेक्षित हैं, जिनमें डेमोक्रेटाइजिंग AI रिसोर्सेज और सुरक्षित AI पर फोकस शामिल है। वास्तव में ये समझौते स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में AI अनुप्रयोगों का विस्तार सुनिश्चित करेंगे। जहां तक इसके आर्थिक-सामाजिक प्रभाव की बात है तो वैश्विक दक्षिण में कौशल विकास, सतत AI समाधान और समावेशी नवाचारों को प्रोत्साहन मिलेगा, जो असमानताओं को कम करेगा।

## मुस्लिम पक्ष...

प्रदीप कुमार वर्मा

# 'वंदे मातरम्' : सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की संजीवनी, देशप्रेम का जयघोष

'वंदे मातरम्' जैसा कालजयी गीत कभी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशभक्ति और बलिदान की भावना जगाने का यह सबसे बड़ा माध्यम था। भारत माता को अंग्रेजी सरकार की गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए आजादी के मतवालों द्वारा इस गीत के जरिये भारत माता की वंदना की जाती थी लेकिन स्वाधीनता सेनानियों द्वारा गाया जाने वाला गीत 'वंदे मातरम्' आज एक बार फिर से चर्चा में है। केंद्र सरकार द्वारा 'वंदे मातरम्' के गायन को अनिवार्य किए जाने के बाद देश में आज इसके अनिवार्य गायन औचित्य एवं उपयोगिता को लेकर एक और फिर से नई बहस छिढ़ गई है। एक तरह से यह भारत देश का दुर्भाग्य ही माना जाएगा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्प की ओर बढ़ते भारत में आज भी ₹राष्ट्र गीत₹ के गायन को लेकर चर्चा चरम पर है। देश की संसद से लेकर सड़क तथा सरकार से लेकर सामाजिक मंचों पर यही विमर्श चल रहा है।

देश में एक पक्ष का कहना है कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यह राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को जगाने वाला गीत है, जिसे हर नागरिक को सम्मानपूर्वक गाना चाहिए। 'वंदे मातरम्' सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की संजीवनी और देशप्रेम का जय घोष भी है जो नई पीढ़ी को देश की प्राचीन संस्कृति से आत्मसात कराएगा। वही,दूसरे पक्ष में शामिल कांग्रेस समेत देश विपक्षी दलों और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जैसे संगठनों का कहना है कि यह संवैधानिक रूप से दी गई धार्मिक स्वतंत्रता के अनुच्छेद 25 के खिलाफ है। इसलिए वंदे मातरम्' गायन की अनिवार्यता और इसे जबरन थोपना लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। मुस्लिम संगठनों का मुख्य विरोध 'वंदे मातरम्' के



गायन में भारत को देवी के रूप में प्रस्तुत करने में कथित तौर पर मूर्ती पूजा और आनंदमठ उपन्यास के अन्य संदर्भों से है,जिसे वे अपनी आस्था के खिलाफ मानते हैं।

मुस्लिम पक्ष का कहना है कि वंदे मातरम में भारत भूमि की पूजा का भाव है जबकि इस्लाम में अल्लाह के सिवाय किसी अन्य की इबादत की अनुमति नहीं है। यही वजह है कि आज यह मुद्दा देशभक्ति और धार्मिक स्वतंत्रता के बीच एक संवेदनशील बहस बना हुआ है। 'वंदे मातरम्' के गायन एवं उपयोग के इतिहास पर गौर करें तो पता चलता है कि पुराने जमाने में भी वंदे मातरम के कुछ छंदों को लेकर विवाद होता रहा है। यही वजह रही कि स्वाधीनता संग्राम में इस गीत की निर्णायक भागीदारी के बावजूद जब आज़ाद भारत मे राष्ट्रगान के चयन की बात आई, तो वन्दे मातरम् के स्थान पर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा लिखे व गाये गये गीत ₹जन गण मन₹ को ही वरीयता दी गयी। तब भी इस चयन की वजह यही थी कि कुछ मुसलमानों को ₹वन्दे मातरम्₹ गाने पर आपत्ति थी क्योंकि इस गीत में देवी दुर्गा को राष्ट्र के रूप में देखा गया है।

# विकसित भारत का आधार बनें एमएसएमई

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने बीते दिनों बैंकों के लिए माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (एमएसई) को गिरवी मुक्त या बिना किसी गारंटी के ऋण देने की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया। इस वर्ष अप्रैल के बाद से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को दिए जाने वाले ऋण पर रिजर्व बैंक का यह फैसला प्रभावी होगा।

'क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज' ऋण लेने वाले उद्यमियों की गारंटी लेगा। निश्चित रूप से आरबीआई की यह है पहल एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर पहल सिद्ध होगी। ध्यातव्य रहे कि इस बार के बजट में वित्त मंत्री ने एमएसएमई की क्रेडिट सुविधा बढ़ाने और उनके लिए अलग से 10,000 करोड़ रुपये का फंड बनाने की घोषणा की है। आर्थिक समीक्षा 2025-26 बताती है कि एमएसएमई भारत की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। यह क्षेत्र देश के कुल विनिर्माण उत्पादन का लगभग 35.4 प्रतिशत, कुल निर्यात का लगभग 48.58 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 31.1 प्रतिशत योगदान करता है। देश में 7.47 करोड़ से अधिक उद्यम, जो लगभग 32.82 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं, इस क्षेत्र को कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगारप्रदाता बनाते हैं। वैश्विक स्तर पर भी लगभग 90 प्रतिशत व्यवसाय एमएसएमई स्वरूप में ही हैं और कुल वैश्विक रोजगार का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा प्रदान करते हैं। भारत का विनिर्माण क्षेत्र वैश्विक एकीकरण की दिशा में अग्रसर है, ऐसे में एमएसएमई की भूमिका प्रभावी आपूर्ति-श्रृंखला, स्थानीय मूल्य संवर्धन और समावेशी क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।


**- ऋतु सारस्वत**

## जरा हटके

## वहां बच्चियों के ...

ज्ञान चंद पाटनी

# एपस्टीन फाइल्स : फिर सामने आया भोगवाद का शैतानी चेहरा, आ अब लौट चलें



एपस्टीन फाइल्स ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। इससे जुड़ी जो सामग्री सामने आ रही है, वह शैतानी कृत्यों को भी मात दे रही है। इससे स्पष्ट है कि अत्यधिक भोगवादी जीवनशैली इंसान को शैतान में बदल सकती है। इसका अंधानुकरण करने वालों को अब संभल जाना चाहिए और भारतीय जीवनशैली के मूल्यों का सम्मान करते हुए उनकी ओर लौटना चाहिए। अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जारी दस्तावेज, भयावह तस्वीरें और वीडियो न केवल उच्चपदस्थ नेताओं, अरबपतियों और राजघरानों के काले कारनामों को उजागर करते हैं बल्कि उस भोगवादी मानसिकता को बेनकाब करते हैं जो इंसान को शैतान बना देती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से लेकर पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, एलन मस्क से लेकर प्रिंस एंड्र्यू तक के नाम एपस्टीन फाइल्स में आए हैं। जेफ्री एपस्टीन इक्कीसवीं सदी का सबसे बड़ा दरिंदा था। उसका अपना लिटिल सेंट जेम्स द्वीप था जहां वह दुनिया भर के बड़े—बड़े लोगों को लाता था। वहां बच्चियों के साथ दरिंदगी होती थी। उसके पास अपना प्राइवेट जेट और हेलिकॉप्टर तक था। बच्चियों के साथ क्रूरता, ब्लैकमेल का तंत्र और एलीट क्लब का यह भयावह सच शैतानी षड्यंत्रों को भी पीछे छोड़ देता है। इस मामले पर सोच विचार करें तो यह केवल व्यक्तिगत पतन की नहीं बल्कि भोगवादी जीवनशैली के कारण शक्तिशाली लोगों के राक्षस में तब्दील होने की डरावनी कहानी है। असीमित भोग और धन-लिप्सा के कारण हो रहे नैतिक पतन और दुष्कत्यों से मानवता कराह रही है। भारत जैसे आध्यात्मिक समाज ने तो भोगवाद को बहुत पहले ही नकार दिया था, लेकिन धीरे—धीरे यहां भी इसके प्रति आकर्षण बढ़ा है। अब अपने मूलभूत जीवन-मूल्यों की ओर लौटना होगा, यानी वे मूल्य जो संयम, करुणा और आत्म-नियंत्रण सिखाते हों। धनी—प्रभाव-शाली लोगों को भी इन मूल्यों के प्रति आस्था और विश्वास मजबूत करना होगा, लेकिन पाखंड से बचना होगा। एपस्टीन फाइल्स ने साबित कर दिया कि भोगवाद इंसान को पशु से भी निचले स्तर तक धकेल देता है। स्वतंत्रता का नाम लेकर असीमित सेक्स, ड्रग्स और धन का पीछा करने वाला समाज ऐसी अंधेरी सुरंग में चला जाता है जहां शैतानी कृत्य करने में भी उसे झिझक महसूस नहीं होती। भोगवाद एक ऐसी विचारधारा है जो भौतिक सुख-सुविधाओं, ऐश्वर्य और इंद्रिय सुख को ही जीवन का एकमात्र उद्देश्य और सर्वोच्च सुख मानती है।

# संतों का मिलना उल्लासदायक

संतों का मिलना उल्लास दायक होता है। संत महाव्रतधारी, सेवा करने वाले , मृदुभाषी ,सहनशील ,श्रमशील , निष्पृह, निर्लिप्त आदि- आदि प्रवृति के होते है। संत अच्छा श्रम करते हैं जिससे वे अच्छा वक्ता होते है । संतों का मिलना हमारे लिए प्रेरणादाई होता है। हमको भाग्य से ऐसे अवसर प्राप्त होते हैं। हम सौभाग्यशाली है जो हमको जिन शासन प्राप्त हुआ उसमें तेरापंथ जैसा धर्म संघ मिला जहां एक सुगुरु का साया है।वर्तमान में आचार्य श्री महाश्रमण जी की छत्रछाया में हम सब धर्म - ध्यान करते हैं। वह उनकी योग्य शिष्य संपदा का मिलना हमारा एक बडा सौभाग्य है । संत मेहनती होते है , पुरुषार्थी होते है, मधुर गायक होते है, मंत्र विद होते है और सेवा भावी आदि - आदि होते है। धर्म एक उत्कृष्ट मंगल है व कल्याणकारी है । आचार्य श्री भिक्षु की शिष्य परंपरा के समान ही आज भी शालीनता का एक स्वरूप विधमान हैं । वह दीक्षा में बड़े संतों द्वारा आचार्य श्री भिक्षु को आचार्य बनाना भी एक शालीनता का विशेष रूप था । आचार्य श्री भिक्षु द्वारा उनको आगे बड़ा रखना भी विशेष बात थी वैसे ही आज भी मानवता के मसीहा युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी द्वारा दीक्षा में बड़े सन्तों को वन्दना की जाती है । यह सब संघ के एकीकरण के लिए सार्थक साबित हुई हैं। रत्नाधिक सन्तों वह सामने वाले दोनों ओर से सम्मान देना व खुद झुक जाना एक बड़ी बात है । वह आज इतने बड़े समूह में एक होकर रहना शिष्य संपदा का सफल स्वरूप है । हम देखते है कि आज के ज़माने में जब प्यास लगती है तब कुआँ खोदते है पर तब तक बहुत देर हो जाती है। अतः इससे पहले की हमारे भीतर भरें कषाय रूपी घाव नासूर बन जाए तो हम अपने हृदय को मंदिर बना लें । वह हम सन्तों के सानिध्य से अपने कषायों का क्षय कर लें। हम अशुभ विचार को त्यागे । शुभ भाव को भर लें । हम जिससे समभाव में आयें । वह गुरुवाणी सुन हम आत्म-विजय पायें । हम दृष्टा देह से देखे तो भिन्नता का बोध पायेंगें और अभय बनेंगे । हम अपने भीतर में संतों के सानिध्य से ऐसे ऐसे संवेग भाव भरें जिससे अपने घट में पसरे ममभाव को छोड़ हमारा जीवन कुछ अंश में त्यागमय बने। हम आचारों का पालन करे । हमारे संस्कार पुष्ट रहे और हमारा जीवन सत्यमय बनें । संतों ने कहा कि मानव तन संरचना ऐसी बनाई गई है कि उससे दैनिक आवश्यक कार्यों के साथ-साथ, आत्म हितैषी कारज भी किये जा सकतें हैं । वह उदाहरणार्थ जग दर्शन को देखने को हमारे नयन हैं पर साथ ही साथ आत्म दर्शन का भी योग हो। वह हम अधिकांशतः मानव और और की दौड़ में चलते उसको बनाने में लगे रहते है । हम यह याद नहीं रखतें हैं कि आध्यात्मिक पक्ष के साथ अपने को भौतिक उपलब्धियों में ही दक्ष होना हैं । हमारे नयन एक बार रुपया-पैसा, हीरे-जवाहरात,जमीन-जायदाद और आकर्षक प्रासाद आलीशान आदि यों देखन को अटक जाते हैं कि फिर आत्म-दर्शन का भान किसे रहता है ।

**> प्रदीप छाजेड़**

### खुद रेलवे लाइन पर लेटकर सुसाइड किया, कानपुर की वारदात घर के अंदर जाने पर पत्नी और बेटे की फर्श पर लाश मिली

# पत्नी-बेटे की रिटायर फौजी ने गोली मारकर हत्या की

**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर । कानपुर में रिटायर फौजी ने लाइसेंसी बंदूक से पत्नी और 16 साल के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद वह बाइक से रेलवे अंडरपास पहुंचा और ट्रेन के नीचे लेटकर जान दे दी। वारदात का पता उस वक्त चला, जब पुलिस बाइक के नंबर से फौजी की पहचान कर उसके घर पहुंची।

घर के अंदर जाने पर पत्नी और बेटे की फर्श पर लाश मिली। पत्नी के सिर और बेटे के सीने में गोली मारी गई थी। किचन से बेडरूम तक खून फैला हुआ था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने अफसरों को इसकी जानकारी दी। एडिशनल कमिश्नर विपिन ताडा ने बताया कि सोमवार सुबह 7:30 बजे सूचना मिली कि कठोगर–इमलीपुर रेलवे अंडरपास के पास रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी से कटकर एक व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो उसकी जेब से आधार कार्ड मिला।



चेतराम दीप सुनीता वर्मा

**पुलिस का कहना है कि फौजी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अब तक सामने नहीं आई है। घटना सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान रिटायर फौजी चेतराम पासवान (51), उसकी पत्नी सुनीता वर्मा (40) और बेटे दीप (16) के रूप में हुई है।**



बेटे का शव कमरे में फर्श पर पड़ा था। उसके सीने में गोली लगी थी। उसके पास लाइसेंसी बंदूक और एक खोखा पड़ा हुआ था।

#### पुलिस घर पहुंची तो पत्नी-बेटे की लाश मिली

पुलिस के मुताबिक, जब पुलिस चेतराम के घर पहुंची तो दरवाजा बाहर से खुला था। आवाज देने पर अंदर से कोई जवाब नहीं आया। पुलिसकर्मी घर के अंदर गए तो पत्नी सुनीता वर्मा और बेटे दीप का शव पड़ा था। पास में डबल बैरल बंदूक पड़ी थी।

बेड के पास पत्नी का शव फर्श पर पड़ा था, उसके सिर में गोली लगी थी। कमरे के दरवाजे पर बेटे का शव पड़ा था, उसके सीने में गोली लगी थी। माना जा रहा है कि पहले पत्नी को गोली मारी गई।

आवाज सुनकर बेटा बचाने दौड़ा और कमरे में घुसते ही उसे भी गोली मार दी गई। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम ने डबल नली बंदूक, खून के सैंपल और खून से सने कपड़े बरामद किए हैं। मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया गया है।

#### 25 साल पहले हुई थी शादी, रात में पत्नी से झगड़ा हुआ था

चेतराम मूल रूप से घाटमपुर के सेरूआ बखरिया गांव का रहने वाला था। उसकी शादी 25 साल पहले साढ़ थाना क्षेत्र के पाल्हेंपुर गांव की रहने वाली सुनीता से हुई थी। फौज से रिटायर होने के बाद चेतराम बड़ा चौराहा के स्टेट बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। उसने छह महीने पहले ही बेटी की शादी मेरठ निवासी युवक से की थी। इसके बाद तुलसियापुर में नया घर बनवाया था। चार महीने पहले वह उस घर में शिफ्ट हो गया। यहां वह पत्नी सुनीता और बेटे दीप के साथ रहता था। दीप कक्षा 9 में पढ़ता था। सूत्रों के मुताबिक, घर बनवाने और बेटी की शादी के लिए चेतराम ने 12 लाख रुपए कर्ज लिया था। कर्ज भर नहीं पाया तो दो महीने पहले उसने पिता अयोध्या प्रसाद से जमीन बांटने की बात कही थी।

## मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ूंगा : अलंकार अग्निहोत्री

**तमसा संकेत, एजेंसी**

देवरिया । बरेली के सस्पेंड सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का बड़ा बयान सामने आया है। देवरिया में उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री मोदी 2029 से पहले इस्तीफा देंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ और मोदी 2029 में वाराणसी से चुनाव लड़े, तो मैं उनके खिलाफ चुनाव लड़ूंगा और उन्हें हराऊंगा।

ये लोग अयोध्या में बेइज्जत होकर बुरी तरह हारे थे। आने वाले समय में काशी और मथुरा में भी हारने वाले हैं। अलंकार अग्निहोत्री महारानी चंडिका हॉस्टल में समान न्याय संघर्ष समिति की महापंचायत में शामिल होने पहुंचे थे। जहां उन्होंने पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह पर हमला बोला। खास बातचीत भी की।

अलंकार अग्निहोत्री ने कहा- देश में हर घर नल योजना में सबसे बड़ा घोटाला हुआ है। इस योजना के जरिए करप्शन का पैसा गुजराज शिफ्ट किया गया। लखीमपुर खीरी में खाली टंकी भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि वहां कोई शख्स नहीं था। महोबा में नई पानी की टंकी लीक होने लगी। यही चीजें करप्शन को बता रही हैं। उन्होंने कहा- सभी सनातनियों को विधानसभा और लोकसभा में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे उनकी आवाज प्रभावी ढंग से उठाई जा सके। उनके हितों के खिलाफ कोई भी कानून न बन सके।



**बरेली के सस्पेंड मजिस्ट्रेट बोले- इनकी असलियत सामने आई, देश में सिर्फ हिंदू-मुस्लिम करा रहे**

**फास्ट न्यूज**

### वाराणसी में फर्जी निकला मंत्री का वोट जिहाद का दावा

वाराणसी। यूपी निर्वाचन आयोग ने मंत्री रविंद्र जायसवाल के वाराणसी में वोट जिहाद के दावे को पूरी तरह से नकार दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) नवदीप रिणवा सोमवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मंत्री की ओर दी गई कथित फर्जी मतदाताओं की सूची की जांच की गई। पहले चरण के सत्यापन में लगभग 4500 मतदाताओं की जांच की गई।

### स्किलिंग बनी भारत के इन्क्लूसिव एआई विज़न की धुरी

मेरठ। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारत के समावेशी एआई विज़न को नई दिशा देते हुए स्किलिंग को केंद्र में रखा है। भारत मंडपम में स्थापित मंत्रालय का विशेष पवेलियन "एआई फॉर इनक्लूसिव डेवलपमेंट" थीम पर आधारित है, जो एआई के माध्यम से आजीविकाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दर्शाता है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने कहा कि भारत एआई-रेडी स्किल्स के जरिए युवाओं और वर्कफोर्स को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है।

### तुलसी घाट के सामने मोटरबोट और नाव की टक्कर

वाराणसी। वाराणसी में सोमवार को बड़ा हादसा सामने आया है। तुलसी घाट के सामने गंगा नदी में मोटरबोट और चप्पू से चलने वाली नाव की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छोटी नाव गंगा में ही डूब गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परिवार ने अस्सी घाट से नाव बुक की थी। नाव में सवार लोग गंगा स्नान के लिए तुलसी घाट के सामने रेती की ओर जा रहे थे।

## नगर निकाय में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान के निर्देश



**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व, प्रवर्तन एवं भूमि अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक नगर निकाय में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए व सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए तथा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। तथा बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति, प्रवर्तन कार्यवाहियों तथा भूमि अर्जन से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्टों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में अवैध खनन एवं अनुमति से अधिक खनन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि शहर एवं नगरीय क्षेत्रों के आसपास अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लॉटिंग के विरुद्ध सतत प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराई जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।इसके साथ ही सभी नगर निकायों को सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यक्रमों एवं लंबित राजस्व वादों की समीक्षा की तथा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मधुमक्खियों का हमला

### इस घटना में दो छात्रों समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए





**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। फतेहपुर कस्बे के सूरतगंज रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास मंगलवार को मधुमक्खियों के अचानक हमले से इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना में दो छात्रों समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पास ही स्थित आम की बाग में मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता लगा हुआ था। उसी दौरान आसमान में उड़ रहे एक बाज ने छत्ते पर चोंच मार दी, जिससे मधुमक्खियां अचानक उग्र हो गईं और आसपास मौजूद लोगों पर टूट पड़ीं।

हमले का पहला शिकार अवधेश गुप्ता (18 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार, निवासी पटेल नगर, फतेहपुर बने, जो वारिस चिल्ड्रन एकेडमी इंटर कॉलेज में एडमिट कार्ड लेने गए थे। उन्हें बचाने दौड़े अखिल कुमार (18 वर्ष) पुत्र राम प्रकाश, निवासी कीरतपुर, फतेहपुर, जो अपने मित्र अमन कुमार (17 वर्ष) पुत्र हीरा लाल, निवासी परवरभारी के साथ बोर्ड परीक्षा को लेकर बहन का परीक्षा केंद्र देखने आए थे, भी मधुमक्खियों की चपेट में आ गए।

इसी दौरान बाइक से गुजर रहे विनय कुमार (18 वर्ष) पुत्र विनोद कुमार, निवासी मोहल्ला पचघरा, फतेहपुर पर भी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। वहीं अक्षत श्रीवास्तव (18 वर्ष) पुत्र शैलेन्द्र श्रीवास्तव, निवासी मोहल्ला काजीपुर, जो एडमिट कार्ड लेने पहुंचे थे, ने जान बचाने के लिए पास के पानी में छलांग लगा दी। इसके अलावा मानसिक रूप से अस्वस्थ कमरूद्दीन (55 वर्ष) पुत्र हनीफ, निवासी काजीपुर दयारामबाग, को भी मधुमक्खियों ने बुरी तरह काट लिया।

## यूपी में 2 दिन बारिश का अलर्ट, मौसम बिगड़ेगा

### 40 की स्पीड में हवाएं चलेंगी, बांदा सबसे गर्म

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। यूपी में ठंड विदा होने की तरफ बढ़ रही है। सिर्फ सुबह और रात में ही ठंड पड़ रही है। दिन में कड़ी धूप निकल रही है। लेकिन, प्रदेश में फिर से मौसम बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 2 दिन बारिश का अलर्ट जारी किया है। यही नहीं, पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से भी पारा गिरने का अनुमान है।

लखनऊ मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया-पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय हो रहा है। इससे 17 और 18 फरवरी को प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी।

रविवार की बात करें तो बांदा सबसे गर्म शहर रहा। अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। 30 डिग्री के साथ झांसी दूसरे नंबर पर रहा। मौसम विभाग का कहना है कि 18 फरवरी के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। फरवरी के अंत तक यूपी से ठंड पूरी तरह विदा हो जाएगी।

अगर तेज हवा के साथ बारिश हुई तो गेहूं और सरसों की फसल गिर सकती है। इससे दाने कमजोर हो जाएंगे और पैदावार पर असर पड़ेगा। इसलिए मौसम विभाग ने किसानों को अलर्ट रहने को कहा है और खुले स्थानों पर कटी हुई फसलों को रखने से मना किया है।




### आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मिला संबल, खिल उठे चेहरे

## एमआईईटी में 81 मेधावी विद्यार्थियों को 21.56 लाख रुपये की छात्रवृत्ति

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए एमआईईटी में छात्रवृत्ति चेक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेरठ विकास प्राधिकरण के वीसी संजय कुमार मीणा,विशिष्ट अतिथि विजय प्रधान मोहद्दीनपुर एवं पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु शरण ने 81 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए।

पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट द्वारा यह छात्रवृत्ति उन विद्यार्थियों को प्रदान की गई है, जो मेधावी होने के बावजूद आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रखने में कठिनाई महसूस करते हैं। एमआईईटी के 81 विद्यार्थियों को प्रति छात्र 30 हजार रुपये की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह सहायता राशि विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष दी जाएगी। इस अवसर पर कुल 21 लाख 56 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। ट्रस्ट एवं एमआईईटी ग्रुप के चेयरमैन विष्णु शरण ने बताया कि वर्ष 2015 में यह अनुभव किया गया कि कई प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक तंगी के कारण अपनी शिक्षा बीच में ही छोड़ने को विवश हो जाते हैं। कुछ छात्रों को विभिन्न कारणों से समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति भी नहीं मिल पाती। ऐसे विद्यार्थियों की सहायता के उद्देश्य से पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों से ट्रस्ट लगातार आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर एमआईईटी कॉलेज के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. एस.के. सिंह, डीन एकेडेमिक्स गौरव शर्मा, डॉ. विनीत कुमार, मनोज अग्रवाल, अजय चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




**मेरठ विकास प्राधिकरण के वीसी संजय कुमार मीणा ने कहा कि जिस क्षेत्र में आपकी रुचि हो, उसी में पूरी लगन से आगे बढ़ें और निरंतर ज्ञान अर्जित करें। छात्रवृत्ति को अपने शैक्षणिक विकास का साधन बनाएं, पढ़ाई पर ध्यान दें तथा अपने माता-पिता और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि परिश्रम और लगन ही सफलता की कुंजी हैं।**

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का वार्षिक चुनाव सम्पन्न

### अशोक सोलंकी निर्विरोध अध्यक्ष और राजकुमार बने मंत्री

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा (चौमुहाँ)। बढ़ौता रोड स्थित सीएसआरवी विद्या आश्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई का त्रिवार्षिक निर्वाचन एवं शैक्षिक संगोष्ठी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए अशोक कुमार सोलंकी को निर्विरोध अध्यक्ष और राजकुमार सिंह को मंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी गोविंद सिंह चौहान और पर्यवेक्षक वीरेंद्र शर्मा की देखरेख में दोपहर 2 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष और मंत्री पद के लिए एक-एक नामांकन आने के कारण दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तियां की गई। हरिओम शर्मा को संरक्षक, हरनारायण सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पृथ्वीराज पोइया को कोषाध्यक्ष चुना गया।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक सोलंकी ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा, ₹संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूँगा। शिक्षकों के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा और उनके हितों के लिए पूरी निष्ठा से संघर्ष किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश प्रसाद शुक्ला ने पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया और संगठन को भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की विभागीय समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. गिर्राज सिंह ने भी नई टीम को शुभकामनाएं दीं।

## रामघाट से निकली 5वीं डांक कांवड़ यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। श्याम सुंदर कॉलोनी निवासी संजय चौधरी एवं तरुण वर्मा के संयोजन में आयोजित 5वीं डांक कांवड़ यात्रा इस वर्ष भी गहन आस्था, उत्साह और धार्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुई। पावन तीर्थस्थल रामघाट से कांवड़ियों ने विधि-विधान के साथ पवित्र जल भरकर भगवान शिव के जयघोष के बीच पदयात्रा प्रारंभ की। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा समस्त श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष से संपूर्ण वातावरण शिवमय हो उठा। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर शीतल पेयजल, फल एवं प्रसाद की व्यवस्था भी की गई, जिससे कांवड़ियों को विशेष सहयोग मिला। महिलाओं और युवाओं की सहभागिता ने यात्रा में अलग ही उत्साह भर दिया। मथुरा पहुंचने पर कांवड़ियों ने विधिवत जलाभिषेक कर भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन किया। श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की उन्नति की कामना करते हुए भक्ति भाव से आराधना की। संपूर्ण यात्रा अनुशासन, एकता और सौहार्द का प्रतीक बनी रही। यात्रा में संजय चौधरी, तरुण वर्मा, लोकेश वर्मा, विराट सोनी, बंटी वर्मा, यशवीर वर्मा, प्रिंस सोनी, वंशिका सोनी, प्रियंका सोनी, कृष्णा चौधरी, योगेश, योगेंद्र चौधरी, पवन वर्मा, जीतू वर्मा, मयंक वर्मा, करन चौधरी, कान्हा चौधरी, शैलेश सारस्वत एवं केशव वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्थानीय प्रशासन द्वारा यात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।



### आदेश : मुरादाबाद में फीस लेकर भी नहीं किया था परफॉर्म, अब 27 मार्च को पहुंचना होगा कोर्ट

# अमिषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**तमस संकेत, एजेंसी**

मुरादाबाद । मुरादाबाद की कोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री अमिषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने पुलिस को आदेश दिया है कि अमिषा पटेल को 27 मार्च को कोर्ट में पेश किया जाए। वकील पंकज शर्मा ने कहा- 27 मार्च अगर अमिषा पटेल कोर्ट में पेश नहीं हुईं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। दरअसल, शहर के इवेंट मैनेजर पवन वर्मा ने 2017 में मुरादाबाद कोर्ट में एक परिवाद दाखिल किया था। इसमें बताया था कि 2017 में अमिषा पटेल ने मुरादाबाद में एक शादी समारोह में परफॉर्म करने के लिए 11 लाख रुपए फीस ली थी। फीस लेने के बाद अमिषा पटेल परफॉर्म करने नहीं पहुंची थी। मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में ड्रीम विजन इवेंट कंपनी के मालिक पवन कुमार वर्मा रहते हैं। उन्होंने कोर्ट में अभिनेत्री अमीषा पटेल और अन्य के खिलाफ 2017 में परिवाद दाखिल किया था। इसमें उन्होंने अभिनेत्री अमीषा पटेल, अहमद शरीफ, सुरेश परमार, राजकुमार गोस्वामी पर 11 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया था।



इवेंट मैनेजर पवन वर्मा ने बताया- हमसे 11 लाख लेने के बाद कोई संपर्क भी नहीं



दो साल पहले अमीषा पटेल मुरादाबाद कोर्ट में जमानत कराने पहुंची थी।

#### पुलिस कर सकती है गिरफ्तार

इस मामले में करीब 2 साल पहले मुरादाबाद पहुंची अमिषा पटेल ने अपनी जमानत भी करा ली थी। लेकिन इसके बाद भी अमीषा पटेल ने जमानत की शर्तों का पालन नहीं किया। इसके बाद कोर्ट ने फिर से उनका गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है।

एडवोकेट पंकज शर्मा का कहना है कि अमिषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए कोर्ट ने उन्हें 27 मार्च को तलब किया है। अगर वो पेश नहीं हुईं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

#### 11 लाख रुपए लेकर नहीं किया परफॉर्म

दरअसल, 16 नवंबर 2017 को दिल्ली रोड स्थित होली डे रीजेंसी होटल में आयुष अग्रवाल की शादी का समारोह था। उसमें अमीषा पटेल को 4 गानों पर डांस करना था। इसके लिए अमीषा पटेल को 11 लाख रुपए एडवांस में दिए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि फीस लेने के बाद भी अमीषा पटेल शादी समारोह में नहीं आईं। उन्हें फ्लाइट से मुंबई से दिल्ली आना था। दिल्ली के होटल में ठहरने की भी व्यवस्था की गई थी। फीस पीआर कंपनी के मालिक राजकुमार गोस्वामी के माध्यम से अमीषा के पर्सनल असिस्टेंट सुरेश परमार और अहमद शरीफ को दी गई थी।

## बहू डरकर बेड के नीचे छिपी, श्रावस्ती में घर में घुसकर वारदात, किसान का शव लहूलुहान तख्त पर पड़ा मिला

# लुटेरों ने की बेटे के सामने बाप की हत्या

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

श्रावस्ती । श्रावस्ती में बेटे के सामने बदमाशों ने घर में घुसकर किसान की हत्या कर दी। इसके बाद सोने-चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए। परिवार के मुताबिक, रविवार रात करीब 3 बजे चार नकाबपोश बदमाश घर में घुस आए। आहट सुनकर किसान की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचाया और बदमाशों से भिड़ गए। आवाज सुनकर बहू और बेटा भी जाग गए। बेटा दौड़कर कमरे में पहुंचा तो बदमाशों ने उसे पकड़ लिया। उसके सामने ही पिता पर चाकू से कई बार वार किए गए। यह देखकर बहू बेड के नीचे छिप गई। चारों बदमाशों के जाने के बाद महिला ने चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस गांव के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। घटना हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र की है।



पुलिस परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ कर रही है।



### बहू बोली- मैं डर के मारे बेड के नीचे छिपी रही

बहू ने बताया कि रात करीब 3 बजे डकैत घर में घुसे थे। मैं और मेरे पति दूसरे कमरे में थे। ससुर की चीखने की आवाज आई तो मेरे पति सुनील देखने गए। बदमाशों ने उन्हें दबोच लिया। यह देखकर मैं डर गई और बेड के नीचे छिप गई।

मेरे पति की आंखों के सामने ही डकैतों ने ससुर की हत्या कर दी। मैंने बेड के नीचे से चार लोगों के पैर देखे थे। इसके बाद बदमाशों ने पूरे घर में लूटपाट की और सारे गहने उठा ले गए। उनके जाने के बाद मैंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी।



बहू लक्ष्मी ने बताया- मैं डर के बेड के नीचे छिप गई थी। मैंने 4 बदमाशों के पैर देखे।

### एसपी बोले- जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपी

इधर, हत्या और लूट की सूचना पर एसपी राहुल भाटी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए। एसपी ने बताया कि बेटे की तहरीर पर चार बदमाशों के खिलाफ लूट और हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

### गांव से बाहर किसान का मकान, घर में सिर्फ 3 लोग

जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर भजोरे पुरवा गांव है। यहां किसान नेमराज पाठक (49) अपने बेटे सुनील और बहू लक्ष्मी के साथ रहते थे। उनकी पत्नी का पांच साल पहले निधन हो चुका है। नेमराज भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उनके दूसरे भाई गांव में ही रहते हैं। उन्होंने गांव से बाहर घर बनवा रखा था। बेटे की शादी करीब दो साल पहले हुई थी।

# मेरठ में ट्रकों पर खड़े होकर तिरंगा लहराया

## ढोल-नगाड़ों पर खूब थिरके फैंस

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। टी-20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में भारत ने पाकिस्तान पर बड़ी जीत दर्ज की है। श्रीलंका के कोलंबो में 61 रनों से हराया है। मैच के दौरान यूपी में लोगों का जोश हाई रहा। मेरठ में ट्रकों पर खड़े होकर फैंस ने तिरंगा लहराया। ढोल-नगाड़ों पर खूब क्रिकेट प्रेमी थिरके। प्रयागराज में 14 पीर मजार पर इंडिया की जीत के लिए दुआ मांगी गई। मुरादाबाद में यूनिपोल पर राह चलते लोगों ने लाइव मैच देखा।

मंत्री संजय निषाद ने क्रिकेट के बहाने पाकिस्तान पर कटाक्ष किया। कहा- देश की भावनाओं का जुड़ाव खेल से है।...जहां तक पाकिस्तान का सवाल है तो सड़क पर कुत्ते इसलिए मरते हैं, क्योंकि वह निर्णय नहीं ले पाते कि इधर जाना है या उधर। यही कुछ देशों का यही हाल हो गया है। वह निर्णय नहीं ले पा रहे कि देश कैसे चलाना है, किससे संबंध रखने हैं। उधर, लखनऊ में दिन में क्रिकेट प्रेमियों ने टीम इंडिया का ड्रेस पहनकर शिव जी को जलाभिषेक किया। भारत की जीत के लिए प्रार्थना की। अयोध्या में टीम इंडिया की जीत के लिए संतों ने अनुष्ठान और यज्ञ किए। काशी में सिंधिया घाट पर फैंस ने विशेष पूजा की। 'हर- हर महादेव'के जयघोष किए गए। फैंस ने गंगा तट पर दीप जलाकर भारत की जीत की कामना की।

**फास्ट न्यूज**

### धोबी की बगीची का नहीं थम रहा विवाद

आगरा । आगरा में खंदारी स्थित धोबी बगीची जमीन का विवाद बढ़ता जा रहा है। सोमवार को स्थानीय लोगों के साथ कांग्रेस नेता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने DM अरविंद मल्लपा बंगारी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने गांधी, आंबेडकर और मंदिर की जगह को छोड़ने की मांग की है। इसके बाद आंबेडकर और गांधी की प्रतीमा को नजर बंद और उखाड़ फेकने के आरोप लगाते हुए भूमाफियां के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है।

### आगरा में शादी से पहले दूल्हे को कार ने रौंदा

आगरा । आगरा-इटावा स्टेट हाईवे पर बाह के नरहौली एवं जरार के बीच ढाबे के पास रविवार की शाम हुए हादसे में दूल्हा बनने जा रहे जितेंद्र (21) और रिश्तेदार सचिन (16) की मौत हो गई। बाइक सवार दोनों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया था। जितेंद्र का 17 फरवरी को लग्नोत्सव था। बाह थाना क्षेत्र के आम का पुरा गांव निवासी शेर सिंह के बेटे जितेंद्र की शादी का रिश्ता धौलपुर के महाजपुर गांव से तय हुआ था। रिश्ता भाऊ पुरा गांव के सचिन पुत्र हरगोविंद के बड़े भाई ने अपनी ससुराल महाराजपुर से तय कराया था। 17 फरवरी को लग्नोत्सव था। रविवार की शाम किसी काम से जितेंद्र सचिन के साथ बाइक से जरार आ रहा था।

### पेट्रोल पंप कर्मियों ने युवकों को पेट्रोल से नहलाया

कानपुर । कानपुर में पेट्रोल पंप के कर्मियों ने 4 लड़कों को पेट्रोल से नहला दिया। आग लगाने की धमकी दी जो चारों लड़के अपनी-अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। पेट्रोल डालने से पहले पेट्रोल पंप के कर्मियों ने चारों को जमकर पीटा। विवाद बढ़ा तो पेट्रोल डाल दिया। बताया जा रहा है कम पेट्रोल डालने और पैसों को लेकर आपस में विवाद हुआ था।

# 'क्रिकेटर का 15 साल का रिश्ता जाति के चलते टूटा'

## भाई बोला- लड़की के घरवाले धमकाते थे, नोएडा में प्रेमिका की हत्या करके जान दी थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नोएडा । सुमित से रेखा शादी नहीं करना चाहती थी। करीब 1 साल पहले दोनों अलग हो गए थे। रेखा ने इस बारे में घरवालों को भी बता दिया था। इसके बावजूद सुमित उसे बार-बार फोन करता था। परेशान होकर रेखा ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया था। यह कहना है नोएडा की रेखा के पिता देव चंद्र कांत का, जिनकी बेटी की लाश कार में प्रेमी के साथ मिली थी।

उन्होंने कहा- 13 फरवरी को रेखा ने अपनी मां को फोन पर बताया था कि वह 15 मिनट में घर पहुंच रही है और उसके लिए खाना ना बनाना। लेकिन वह घर नहीं लौटी। अगले दिन दोपहर में उसकी डेड बॉडी मिली। अब पढ़िए पिता से बातचीत



रेखा और सुमित, मृतक

देव चंद्र कांत ने बताया- सुमित का व्यवहार रेखा को अजीब लगता था। वह उससे दूरी बनाना चाहती थी। करीब एक साल पहले उसने यह बात अपनी मां को बताई थी। इसके बाद हमने रेखा को समझाया। फिर रेखा ने सुमित से साफ कह दिया था कि वह उससे शादी नहीं करना चाहती। इसके बावजूद सुमित उसे बार-बार फोन कर मनाने की कोशिश करता रहा।

### भाई को कॉल करके बात कराने को कही

मई 2025 में सुमित ने दोबारा रेखा को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद उसने रेखा के भाई और जीजा को फोन कर उससे बात कराने की रिक्वेस्ट की, लेकिन बात नहीं हो सकी। वहीं हम लोग रेखा के लिए लड़का देख रहे थे। कई जगह रिश्ते की बात चल रही थी। जल्द ही सगाई कर उसकी शादी की तारीख तय होने वाली थी।

13 फरवरी को रेखा रोज की तरह ऑफिस गई थी। शाम करीब 7:30 बजे उसकी मां ने फोन कर पूछा कि कब आ रही हो। रेखा ने बताया कि वह ऑफिस से निकल चुकी है और 15-20 मिनट में घर पहुंच जाएगी, उसके लिए खाना न बनाना।

## 120 की स्पीड में 18 किलोमीटर दौड़ाई, अलर्ट मिला, पुलिस पकड़ नहीं पाई

# बदायूं में हिट एंड रन बोलेरो ने 5 को रौंदा तीन की मौत



**तमसा संकेत, एजेंसी**

बदायूं। बदायूं में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां बेकाबू तेज रफ्तार बोलेरो ने 5 युवकों को रौंद दिया। इसमें से 3 की मौत हो गई। पहले उसने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी, फिर भागने के चक्कर में एक और युवक को कुचल दिया। इसमें से दो की मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने गाड़ी की रफ्तार और बढ़ा दी। करीब 20 मिनट बाद 18 किलोमीटर दूर एक और बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त बोलेरो की स्पीड 120 के आसपास थी। घटना के बाद आरोपी ने पीछे मुड़कर भी नहीं देखा। फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की तलाश की जा रही है। वाहन की पहचान कर जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। पहला हादसा- रविवार शाम करीब 5 बजे बहेड़ी मोड़ के पास हुआ। बरेली के करतौली गांव निवासी 25 साल के मुकेश और उनके बहनोई मदनलाल (50) दबिहारी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



घटना के चश्मदीद और घायल ददियारी निवासी मदन लाल ने बताया- मैं अपने साले मुकेश के साथ इस्मालपुर अपने साढू के घर जा रहा था। तभी सफेद रंग की तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। मेरे साले की मौके पर ही मौत हो गई। मेरे भी हाथ और सिर में गंभीर चोट लगी है।

### आरोपी बदायूं से बिल्सी की ओर भाग रहा था

राहगीरों ने मदनलाल को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। बताया गया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बदायूं से बिल्सी की ओर भाग रहा था। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने बिल्सी थाने को अलर्ट किया, लेकिन कार चालक ने रास्ता बदल लिया। दूसरा हादसा रोशननगर मोड़ पर हुआ। यहां बरामय खेड़ा निवासी बदलू (55) अपने साथी शान मोहम्मद के साथ खेत से लौट रहे थे। वे बाइक से घर जा रहे थे, तभी उसी बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

## कार्यक्रम मे 15 विद्यालयों के कुल 220 से अधिक छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभागिता की

# राष्ट्रीय गणित दिवस का हुआ आयोजन



**कार्यक्रम**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तरप्रदेश के तत्वावधान में संचालित जिला विज्ञान क्लब बाराबंकी के संयोजन मे प्रसिद्ध गणितज्ञ निवास रामनुजन की जयंती के परिप्रेक्ष्य मे सोमवार राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड सिद्धौर के स्व० चंद्रमौलि वर्मा सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम मे 15 विद्यालयों के कुल 220 से अधिक छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख



श्रीमती आरती रावत ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है ऐसे कार्यक्रमों से इनको एक प्रेरणा मिलती है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित के बारे में अनावश्यक तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है यह हमारे दैनिक जीवन से जुड़ी हुई है। उन्होंने सूत्र वाक्य देते हुए कहा कि जीवन मे कभी निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।' खण्ड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन और उनके कृतित्व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

> गणित के विशेषज्ञ राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार विजेता शिक्षक दिनेश कुमार वर्मा ने घन मूल निकालने के सरल तरीके, त्रिकोण मिति के सूत्र बनाने के तरीके पर प्रयोगो के माध्यम से प्रकाश डाला।

खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद उपाध्याय ने सभी छात्र छात्राओं को गणित विषय सीखने में सहज बने रहने की सलाह प्रदान की।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत प्रमुख सिद्धौर, श्रीमती आरती रावत, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी सिद्धौर पूजा सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी सिद्धौर प्रमोद उपाध्याय ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया।

# फौजी पिता को मासूम बेटे ने दी मुखाग्नि, भाइयों ने उठाई अर्थी

## मेरठ में 2000 लोग अंतिम संस्कार में उमड़े

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मेरठ। जम्मू-कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के जवान का पार्थिव शरीर सोमवार को मेरठ उनके घर पहुंचा। साढ़े चार साल के बेटे ने पिता को मुखाग्नि दी। वहीं अंतिम विदाई के दौरान जब बेटे ने पिता के मुंह में गंगा जल डाला तो मौजूद लोग अपने आंसू न रोक सके।

अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान बेटा कभी लेटाए गए अपने पिता को निहार रहा था तो कभी वहां मौजूद भीड़ को देख रहा था।

मां और पत्नी बदहवास रोए जा रही थीं। पिता खामोश अपने जवान बेटे के शव को देखे जा रहे थे। भाई का रो-रोकर बुरा हाल था।

जवान को आखिरी विदाई के लिए कई गांवों के लोग पहुंचे थे। अंतिम यात्रा के दौरान लोगों ने अपने घरों से फूल बरसाए। लोग- 'जब तक सूरज चांद रहेगा, राहुल फौजी का नाम रहेगा'...नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे।





राहुल की शादी करीब साढ़े पांच साल पहले अमरोहा की सोनल से हुई थी। उनका साढ़े चार साल का एक बेटा है, जिसका नाम दिव्यांश है। राहुल तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी चार बहनें हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

अंतिम दर्शन के बाद सेना के अधिकारियों ने शहीद राहुल के पिता हेम सिंह और भाई को तिरंगा सौंपा। इस दौरान पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल भी मौजूद रहे। शहीद राहुल भड़ाना के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए लोग पहुंच रहे हैं।

### हिमाचल में यात्रा के दौरान हादसा

किठौर के भड़ौली गांव के रहने वाले हवलदार राहुल भड़ाना (33) सेना में तैनात थे और उनकी पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर के अखनूर जिले में थी। सेना की ओर से मिली सूचना के अनुसार जवान राहुल छुट्टी पर हिमाचल प्रदेश में यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान डमटाल में सड़क हादसे में दिवंगत हो गए।

किसान नेता पवन गुर्जर ने बताया- उनके मामा हेम सिंह भड़ाना के बेटे राहुल भड़ाना 2016 में सेना में भर्ती हुए थे। 10 साल से वह विभिन्न स्थानों पर तैनात रहे। पिछले कुछ दिनों से वह जम्मू-कश्मीर के अखनूर क्षेत्र में तैनात थे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'वोट कटवाने ...

अखिलेश यादव ने कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो रहा है। समाजवादी पार्टी के सभी विधायक चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपकर फार्म-7 के दुरुपयोग की शिकायत करेंगे और विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाएंगे। उन्होंने मांग की कि फार्म-7 के जरिए नाम हटाने की प्रक्रिया केवल सरकारी बीएलओ के माध्यम से हो तथा यह सार्वजनिक किया जाए कि किस विधानसभा और बूथ पर किसके नाम से फार्म जमा हुआ है।

### भाजपा ने एक करोड़...

उन्होंने आरोप लगाया कि कई विधानसभा क्षेत्रों में फर्जी दस्तावेज और हस्ताक्षरों के आधार पर मतदाताओं के नाम कटवाए गए। बिधूना, सकलडीहा, बाबागंज, भोजीपुरा, कन्नौज और बलिया सहित कई क्षेत्रों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पीडीए वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उनका दावा है कि अब तक सपा ने 47 फार्म-7 भरे हैं, जबकि भाजपा की ओर से 1728 और अज्ञात नामों से 1,28,659 फार्म भरवाए गए हैं।

### पीएम मोदी ने एआई...

ऑल्टमैन ने यह भी कहा कि अन्य किसी भी देश की तुलना में भारत में चैटजीपीटी के छात्र उपयोगकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक है।

इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानीः AI नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे AI टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं।

सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णनः AI आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है।

HCL टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायरः AI का असर 50% नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50% नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा। CII नेशनल AI फोरम के को-चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ाः AI तेजी से दुनिया को बदल रहा है और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है। हेल्थकेयर और खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक, AI हर काम को आसान बना रहा है। AI नौकरियां छीनने के बजाय नए रोल पैदा करेगा, एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देगा और भविष्य के वर्कफोर्स को तैयार करेगा।

### 18 फरवरी से जारी हो ...

इस कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरी परीक्षा अवधि में ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं नियमित समीक्षा की जाएगी।

राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन 17 फरवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे माध्यमिक शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी द्वारा किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम परीक्षा संचालन को सुचारू, समयबद्ध और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

परीक्षा अवधि के दौरान कंट्रोल रूम से जनपदों की निगरानी, त्वरित सूचना आदान-प्रदान और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, जिससे परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराई जा सकें।

### अम्बेडकरनगर...

इसके बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहाकि इस मामले से आम लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है और स्वास्थ्य विभाग की छवि पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। एमएलसी ने सदन के माध्यम से मांग की है कि दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ तत्काल विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाए।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री...

फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। फैक्ट्री को सील कर दिया है।

एसपी मनीष कुमार ने बताया- मरने वालों के परिजनों की ओर से फैक्ट्री मालिक और जो फैक्ट्री चला रहा था, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। हादसे में बिहार के मोतीहारी के सुजंत, मिंटू, अजीत, रवि और चंपारण जिले के रहने वाले श्याम और अमरेश की मौत हो गई। वहीं शिव शशिभूषण कहां का रहने वाला है, इसका पता नहीं चला।

एक मजदूर की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। डीएनए जांच और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं। घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे।

पुलिस सुबह से फैक्ट्री मालिक और मैनेजर से संपर्क करने की कोशिश कर रही थी। काफी कोशिश के बाद फैक्ट्री के मैनेजर अभिनंदन से फोन पर बात हो पाई। अब पुलिस ने उसे थाने बुलाने के बाद हिरासत में ले लिया है। पुलिस फैक्ट्री मैनेजर से पूछताछ कर रही है।

मंत्री संजय शर्मा और तिजारा विधायक बालकनाथ ने मृतकों के परिजनों से लने पहुंचे, लेकिन परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्हें किसी की सुध नहीं है। ऐसे में वे न तो नेताओं से मिल पाने की स्थिति में है, न ही कुछ बोलने की।

घटना का सीसीटीवी सामने आया है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि फैक्ट्री में तेज ब्लास्ट के साथ आग लग गई। ब्लास्ट इतना तेज था कुछ देर के लिए ऐसा लगा जैसे भूकंप आया हो।

### सभी फैक्ट्रियों की ...

इस दौरान वहां चल रही गतिविधियों, आग से बचाव के इंतजाम, जरूरी सरकारी अनुमति और मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से देखा जाएगा।

### एसपी बोले- दो लोगों प...

डीएनए जांच और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

### शिक्षामित्र-अनुदेशकों ...

एक हजार की आबादी पर एक आशा कार्यकर्ता नियुक्त होती है। आशा कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में ले जाकर उनका प्रसव कराने सहित अन्य सेवाओं के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह प्रोत्साहन राशि 2500 से 3500 रुपए महीने तक होती है। इस राशि में भी बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव है।

इससे पहले, यूपी विधानमंडल के छठवें दिन विधानसभा में बजट पर प्रश्नकाल हुआ। इस दौरान सपा विधायक रागिनी सोनकर के सवालों का जवाब मंत्री बेबी रानी मौर्य नहीं दे पाईं। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने हस्तक्षेप कर बचाव किया और जवाब दिया।

इसी बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भड़क गए। सपा विधायक आरके वर्मा बोल रहे थे, तभी ब्रजेश पाठक खड़े हो गए। उन्होंने कहा- सीधे-सीधे सवाल आएंगे, तो सीधे-सीधे जवाब देंगे। अगर राजनीतिक सवाल किया गया, तो हम राजनीतिक रायता फैला देंगे।

### पहले की सरकारें ...

उन्होंने कहा कि सपा के लोग गाजी मेले का समर्थन करते हैं। ये गाजी भारत की परंपरा को रौंदने आया था।

सीएम योगी ने कहा- मेरठ के एक फॉर्मा कंपनी के मालिक ने मुझसे कहा था कि 2006 में हमने यूपी छोड़ दिया था। 2017 से पहले यूपी में चोरी-छिपे आते थे और वापस चले जाते थे। जब वह यह बात कह रहे थे, तो उनकी आंखों में आंसू थे। आज स्थिति बदल गई है। हर फॉर्मा कंपनी यहां निवेश करना चाहती है।

### थरूर विदेश मंत्री ...

इसके बाद पवन खेड़ा ने X पर लिखा- मणिशंकर अय्यर का पिछले कुछ सालों से कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। वे अपनी व्यक्तिगत क्षमता से बोलते और लिखते हैं।

पवन खेड़ा पिछले दो साल से मुझ पर आरोप लगा रहे हैं। अगर कांग्रेस पार्टी को अपने प्रवक्ता के लिए पवन खेड़ा के अलावा कोई नहीं मिलता, तो पार्टी की हालत वैसी ही रहेगी जैसी आज है।

## 6 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया, अरुंधति रेड्डी ने लिए 4 विकेट

# भारतीय महिला टीम डकवर्थ लुईस से 21 रन से जीती

**विजय**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 15 फरवरी 2026 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी-20 मैच में डकवर्थ-लुईस (DLS) नियम के तहत 21 रनों से जीत दर्ज की। सिडनी में खेले गए मैच में बारिश के कारण जब खेल रोका गया, उस समय भारत लक्ष्य का पीछा करते हुए 5.1 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 50 रन बना चुका था। उस समय DLS के अनुसार भारत को जीत के लिए 29 रन तक पहुंचना जरूरी था। भारतीय टीम इस पार स्कोर से 21 रन आगे थी। इसलिए नियमानुसार भारत को 21 रन से विजेता घोषित किया गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने तेज बल्लेबाजी की और बारिश आने से पहले ही टीम को जीत की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम अब ऑस्ट्रेलिया में अपनी दूसरी बाइलेटरल टी-20 सीरीज जीतने से सिर्फ एक कदम दूर है। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 18 ओवर में ही पवेलियन लौट गई। टी-20 इंटरनेशनल के इतिहास में यह केवल छठी बार है जब ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में ऑलआउट हुई है। वहीं, ओवरों के लिहाज से यह उनका तीसरा सबसे छोटा टी-20 इंटरनेशनल इनिंग रहा। ऑस्ट्रेलिया के ऊपरी क्रम के 7 में से 5 बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा छुआ, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका। जॉर्जिया वारेहम 30 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहीं।



अरुंधति रेड्डी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मैच में 22 रन देकर 4 विकेट लिए।

**अरुंधति रेड्डी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि रेणुका सिंह ने भी शानदार गेंदबाजी की। दोनों की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 133 रन पर समेट दिया।**

### अरुंधति रेड्डी का करियर बेस्ट प्रदर्शन, 22 रन देकर झटके 4 विकेट

एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 7 ओवर में 2 विकेट पर 68 रन था और वे मजबूत स्थिति में दिख रहे थे। तभी अरुंधति रेड्डी और दीप्ति शर्मा ने मैच का रुख पलट दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मिड-ऑफ पर पीछे दौड़ते हुए एलिस पेरी का शानदार कैच पकड़ा। इसके बाद अरुंधति ने लिचफील्ड को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने अपने 5 विकेट 10 ओवर से पहले ही गंवा दिए थे। अरुंधति ने अंत में जॉर्जिया वारेहम और डार्सी ब्राउन को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की पारी 133 रनों पर समेट दी।



### रेणुका सिंह का पावरप्ले में दबदबा, ऑस्ट्रेलिया को शुरुआत में रोका

मैच की शुरुआत में रेणुका सिंह ने अपनी स्विंग से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। उन्होंने पावरप्ले में लगातार तीन ओवर फेंके। हालांकि उनके पहले ओवर की आखिरी दो गेंदों पर चौके लगे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की। रेणुका ने अपने अगले दो ओवरों में सिर्फ 2 रन दिए और बेथ मूनी का विकेट झटका। पांचवां ओवर मेडन रहा, जिसमें फीबी लिचफील्ड एक भी रन नहीं बना सकीं। हालांकि, रेणुका के स्पैल के बाद ऑस्ट्रेलिया ने अगले 2 ओवरों में 35 रन बनाकर वापसी की कोशिश की।

## ओलिंपियन सुमित ने राजस्थानी सोनिका संग रचाई गुपचुप शादी

सोनीपत, एजेंसी

हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले भारतीय हॉकी ओलिंपिक मेडलिस्ट सुमित कुमार और राजस्थान की रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी सोनिका टांडी ने गुपचुप तरीके से शादी रचा ली है। दोनों करीब आठ साल से एक दूसरे को जानते थे। परिवारों की आपसी सहमति से दोनों ने उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित द ऑर्चिड ऋषिवन रिसोर्ट में सात फेरे लिए। इस शादी में कुछ खास बातें भी रही। पहली ये कि यह शादी पूरी तरह बिना दहेज संपन्न हुई। सुमित ने सगाई में केवल 1 रुपया लिया। दूसरी ये कि बारात के स्वागत के दौरान रिबन कटाई और जूते छिपाई की रस्म निभाई गई। इन रस्मों में सुमित ने अपनी सालियों को करीब डेढ़ लाख रुपए दिए।

तीसरी बात ये कि शादी के अगले दिन ही सुमित हरियाणा से दिल्ली और फिर बेंगलुरु पहुंचे, जहां 7 से 12 फरवरी तक कैंप में प्रैक्टिस की।



इसके बाद 12 फरवरी की रात को हॉकी लीग की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए, जहां फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रैक्टिस मैच खेले जाने हैं।

इस समारोह में कुल करीब 70 लोग शामिल हुए, जिनमें लड़के पक्ष से 25 और लड़की पक्ष से 45 सदस्य मौजूद रहे। शादी की खबर सामने आने के बाद खेल जगत में हैरानी और खुशी का माहौल है। दोनों को साथी खिलाड़ियों और नाते-रिश्तेदारों ने जीवन की इस नई पारी की शुरुआत के लिए शुभकाम- नाएं दीं है। 2018 से शुरू हुई दोस्ती, प्यार में बदली कहानीः पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, साल 2018 से दोनों अलग-अलग कैंप में प्रैक्टिस कर रहे थे।

# दामाद शाहीन, बाबर और शादाब को पाकिस्तान टीम से बाहर निकालो

### शाहिद अफरीदी ने जमकर निकाली भड़ास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के खिलाफ मिली शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल आ गया है। टीम के सीनियर खिलाड़ियों के फ्लॉप प्रदर्शन से नाराज पूर्व पाक कप्तान शाहिद अफरीदी ने चयनकर्ताओं और मैनेजमेंट को कड़ा सबक सिखाने की सलाह दी है। एक पाकिस्तानी टीवी शो पर बात करते हुए अफरीदी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि बड़े नामों के बजाय युवाओं पर भरोसा जताया जाए। उन्होंने भारत से मिली हार के बाद अपने दामाद शाहीन अफरीदी से लेकर बाबर और शादाब खान को टीम से बाहर करने की नसीहत दी है।

हैरानी की बात यह रही कि शाहिद अफरीदी ने किसी का पक्ष नहीं लिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अगर फैसला उनके हाथ में होता, तो वह अपने दामाद शाहीन शाह अफरीदी को भी टीम से बाहर बैठा देते। अफरीदी ने कहा, अगर मुझे फैसला लेना होता, तो मैं शाहीन, बाबर और शादाब तीनों को बाहर बैठा देता। मैं नए लड़कों को मौका देता और उन्हें नामीबिया जैसे मैचों में खिलाकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाता।



अफरीदी का मानना है कि पाकिस्तान की टीम बार-बार उन्हीं खिलाड़ियों पर दांव खेल रही है जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि इन सीनियर खिलाड़ियों को बहुत मौके मिल चुके हैं, अब बदलाव जरूरी है। बड़े मैचों में ये खिलाड़ी परफॉर्म नहीं कर पा रहे हैं। बेंच पर बैठे युवाओं को खिलाने में क्या हर्ज है? जब सीनियर्स डिलीवर नहीं कर रहे, तो जूनियर खिलाड़ियों को आजमाकर देखना चाहिए।

## नामीबिया को 31 रन से हराया, संजय कृष्णमूर्ति ने 68 रन बनाए, शाल्कविक को 2 विकेट

# टी-20 वर्ल्डकप में अमेरिका की लगातार दूसरी जीत

चेन्नई, एजेंसी

अमेरिका ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। रविवार को टीम ने नामीबिया को 31 रन से हरा दिया। 26वें मैच में USA ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। ग्रुप-ए का यह मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला गया।


पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका ने नामीबिया को 200 रन का टारगेट दिया। टीम ने 4 विकेट खोकर 199 रन बना दिए। संजय कृष्णमूर्ति ने सबसे ज्यादा 68 रन बनाए। उन्होंने 33 बॉल पर 6 सिक्स और 4 चौके लगाए। वहीं कप्तान मोनांक पटेल ने 30 बॉल पर 52 रन बनाए। उन्होंने 3 चौके और 3 सिक्स लगाए। नामीबिया से कप्तान जेरार्ड इरास्मस और विलेम माईबर्ग ने 2-2 विकेट चटकाए। रूबेन ट्रम्पलमैन सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने 4 ओवर में 52 रन दे दिए। 200 रन का पीछा करने उतरी नामीबिया की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 168 रन ही बना सकी। टीम से लॉरेन स्टीनकैंप ने 58 रन की पारी खेली। जेजे स्मिट ने 31 रन का योगदान दिया। अमेरिका से शैडली वान शाल्कविक ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। मैच का स्कोरकार्ड

**टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से नामीबिया बाहर हो गया है। ग्रुप-ए में टीम अपने तीनों मैच हार गई। नामीबिया को हराकर अमेरिका अभी भी क्वालिफिकेशन राउंड में बना हुआ है। भारत पॉइंट्स टेबल के टॉप पर मौजूद है।**

### यूएसए की लगातार दूसरी जीत, नामीबिया टूर्नामेंट से बाहर

आखिरी ओवर में नामीबिया 6 रन ही जोड़ सका और एक विकेट गंवा बैठा, जिससे टीम 20 ओवर में 168/6 तक ही पहुंच पाई। इस तरह अमेरिका ने मैच 31 रन से जीत लिया और टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अपनी क्वालिफिकेशन की उम्मीदों को जिंदा रखा। अली खान ने आखिरी ओवर में कसी हुई गेंदबाजी की, जिसमें एक विकेट भी लिया। जेजे स्मिट बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में स्लोअर बाउंसर पर विकेटकीपर के हाथों कैच हो गए।

लगातार तीसरी हार के साथ नामीबिया अब टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।



गेंद लेग साइड की ओर फुलटॉस थी, जिस पर उन्होंने पहले से पोजिशन बनाकर शॉट खेला और गेंद इनफील्ड के ऊपर से निकल गई।

**मनोरंजन**



## मुख्य शूटर हरि बॉक्सर और आरजू बिश्नोई के संपर्क में था, अब तक 11 अरेस्ट

# रोहित शेट्टी फायरिंग केस में हरियाणा से 4 आरोपी गिरफ्तार

मुंबई/फरीदाबाद । मुंबई में फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर पर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग हुई थी। इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच और हरियाणा के झज्जर की बहादुरगढ़ स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत हरियाणा के बहादुरगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों को मुंबई लाने की तैयारी है। हरियाणा STF के एसपी विक्रांत भूषण ने बताया कि मुंबई में रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की घटना के बाद मुंबई पुलिस की एंटी-एक्सटॉर्शन सेल ने उनसे संपर्क किया था। इसके बाद हरियाणा STF और मुंबई पुलिस ने मिलकर बहादुरगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनका नाम ऋतिक यादव, दीपक, सनी और सोनू है। सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

उन्होंने आगे बताया कि दीपक मुख्य शूटर था, जो विदेश में बैठे हरि बॉक्सर और आरजू बिश्नोई के संपर्क में था। उसी ने रोहित शेट्टी के घर पर गोली चलाई थी। वहीं, उसके साथी सन्नी और सोनू ने घर के बाहर रेकी की थी। आरोपी ऋतिक ने दीपक और उसके साथियों को छिपने में मदद की। सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, एमपीए की धारा 37(1), 37(2) और 3, 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अब तक रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में करीब 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है।





**इससे पहले मुंबई पुलिस ने 5 फरवरी को आरोपी आसाराम फसाले को गिरफ्तार किया था, जो पिछले चार सालों से गैरेज मैकेनिक के तौर पर काम कर रहा था और लॉरेंस गैंग से जुड़ा हुआ था। वह गैंग के मास्टरमाइंड शुभम लोनकर के निर्देश पर हथियारों की सप्लाई करता था।**



### रोहित शेट्टी की बिल्डिंग पर फायरिंग हुई थी

31 जनवरी देर रात रोहित शेट्टी की बिल्डिंग पर पांच राउंड फायरिंग की गई थी। पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने मुंबई के जुहू इलाके में स्थित नौ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर रात करीब 12.45 बजे फायरिंग की। उन्होंने बताया था कि कम से कम पांच राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक गोली इमारत में बने जिम के शीशे से टकराई। वहीं, इंडिया टुडे ने अपनी रिपोर्ट में एक स्क्रीनशॉट शेयर कर दावा किया था कि लॉरेंस गैंग ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह स्क्रीनशॉट शुभम लोनकर आरजू बिश्नोई नाम के अकाउंट की फेसबुक पोस्ट का है। इस पोस्ट में लिखा गया है, 'सभी भाइयों को आज जो ये मुंबई में (शेट्टी टावर) फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी शुभम लोनकर, आरजू बिश्नोई, हरि बॉक्सर, हरमन संधू हम लेते हैं।

## शाहिद कपूर की फिल्म ने तीन दिन के कलेक्शन से बॉक्स ऑफिस पर उड़ा दिया गर्दा

# दुनियाभर में छा गया ओ रोमियो

- 'ओ रोमियो' ने तीन दिन में 45.6 करोड़ कमाए।
- भारत-पाकिस्तान मैच के बावजूद फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया।
- शाहिद कपूर की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमाया।

नई दिल्ली, एजेंसी

प्यार के महीने में आई रोमांटिक थ्रिलर 'ओ रोमियो' (O Romeo Box Office Collection Worldwide) ने पहले और दूसरे दिन तो तबाही मचाई ही, तीसरे दिन भारत-पाकिस्तान मैच (India Pakistan Match) के मौके पर भी फिल्म ने जमकर नोट छापे। विशाल भारद्वाज निर्देशित 'ओ रोमियो' वैलेंटाइन डे के ठीक एक दिन पहले यानी 13 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बॉलीवुड की मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म थी जिसे देखने के लिए दर्शक भी बेताब थे। फिल्म की रिलीज के बाद दर्शकों और क्रिटिक्स ने मिला-जुला रिस्पॉन्स भी दिया। 'ओ रोमियो' ने पहले दिन भारत में 8.5 करोड़ रुपये से खाता खोला था। फिल्म की कमाई में दूसरे दिन यानी वैलेंटाइन डे पर जबरदस्त उछाल आया। हालांकि, तीसरे दिन यानी 15 फरवरी को भारत-पाक मैच की वजह से फिल्म की कमाई घटी है। रविवार को भारत में 'ओ रोमियो' ने करीब 9 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।



### विदेशी बाजारों में छाई ओ रोमियो

पहले और दूसरे दिन तक शाहिद कपूर स्टारर 'ओ रोमियो' पूरी दुनिया में 30 करोड़ के आसपास कारोबार कर चुकी है। तीसरे दिन यानी रविवार को भारत-पाक मैच की वजह से फिल्म की कमाई पर थोड़ा असर पड़ा, लेकिन फिर भी इसने विदेशी बाजारों में अच्छा कारोबार किया है। सैकनिल्क की मानें तो 'ओ रोमियो' ने तीन दिन में वर्ल्डवाइड 45.6 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

> 'ओ रोमियो' ने बड़े पर्दे पर आते ही 'बॉर्डर 2', 'तू या मैं' और 'मर्दानी 3' जैसी फिल्मों को पछाड़ दिया और बॉक्स ऑफिस के सिंहासन पर बैठ गया। इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कब्जा तो किया ही, विदेशी बाजारों में भी खूब नोट छापे। फिल्म का तीन दिन का वर्ल्डवाइड कलेक्शन जबरदस्त रहा।

# सिंगर बब्बू मान के शो में हंगामा लाइव टेलीकास्ट वाला कैमरा गिरा

## एसपी की वॉर्निंग- 5 मिनट में शांत न हुए तो परमिशन कैंसिल

लुधियाना/मोहाली, एजेंसी

मोहाली में कबड्डी टूर्नामेंट में पंजाबी सिंगर बब्बू मान के खुले अखाड़े में भीड़ बेकाबू हो गई। सिंगर मान बार-बार फैंस को समझाते रहे, लेकिन वह नहीं रुके। लाइव दिखा रहा कैमरा तक नीचे गिर गया।

यह देख पंजाब पुलिस एक्शन में आ गई। मोहाली के SP ने माइक संभाल लिया। उन्होंने दो-टूक कहा कि अगर 5 मिनट में शांत न हुए तो प्रोग्राम बंद करा देंगे। सिंगर, पुलिस और टूर्नामेंट आयोजकों की मिन्नतों के बाद फैंस शांत हुए।

मोहाली में ही कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान कबड्डी प्लेयर राणा बलाचौरिया की हत्या के बाद से पुलिस सवालों के घेरे में है। हाईकोर्ट इस मामले में पंजाब के DGP गौरव यादव तक को तलब कर चुका है, जिसमें कड़ी फटकार भी लगाई।



शो शुरू होते ही कैमरों को लेकर हूटिंगः मोहाली के गांव बल्लोमाजरा में कबड्डी टूर्नामेंट चल रहा था। शनिवार रात यहां बब्बू मान लाइव परफॉर्म कर रहे थे। इस दौरान फैंस ने हूटिंग की कि उन्हें स्टेज साफ नहीं दिख रही है। अभी शो शुरू ही हुआ था। यह जानकर सिंगर बब्बू मान ने फैंस की डिमांड पर लाइव टेलीकास्ट कर रहे कैमरों को सामने से हटवा दिया। उन्होंने कैमरामैन को कहा कि वह साइड से एंगल बनाए। इसके बाद बब्बू मान ने आधे घंटे तक परफॉर्म किया। अचानक फैंस बेकाबू हुए, सिंगर बोले- मुश्किल से परमिशन मिलीः इसके बाद अचानक फैंस बेकाबू हो गए। एक-दूसरे से धक्कामुक्की होने लगी। इससे व्यवस्था बिगड़ने लगी। यह देखकर बब्बू मान ने कहा कि बड़ी मुश्किल से परमिशन मिली है। सभी शांति बनाएं रखें, लेकिन फैंस नहीं माने। हालात हाथ से निकलते देखकर पुलिस अलर्ट हो गई। बब्बू मान को गाने से रोक दिया गया। मोहाली के SP मनप्रीत सिंह ने माइक संभाल लिया। उन्होंने स्टेज के नीचे से ही फैंस को सीधी चेतावनी दी। SP ने कहा- यह मेरी आखिरी चेतावनी है। अगर 5 मिनट में सब शांत नहीं हुए तो प्रोग्राम की परमिशन तुरंत कैंसिल कर दी जाएगी।

# 30 साल पहले भी मिनिस्टर रहे थे गोयेश्वर, बांग्लादेश में 2 हिन्दुओं ने जीता चुनाव

## बांग्लादेश में हिंदू नेता को मंत्री बना सकते हैं रहमान

**तैयारी**



ढाका, एजेंसी

चुनाव में भारी बहुमत हासिल करने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) नई सरकार बनाने की तैयारी में है। सरकार ने निर्वाचित सांसदों की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी कर दी है।

पार्टी से 2 हिंदू सांसद भी चुने गए हैं। इनमें से ढाका-3 सीट से जीत दर्ज करने वाले गोयेश्वर चंद्र रॉय को नई कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। रॉय BNP के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वह खालिदा जिया की BNP सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) राज्य मंत्री थे।

बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, तारीक रहमान प्रधानमंत्री पद समेत रक्षा मंत्रालय और दूसरे पांच मंत्रालय अपने पास रख सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 148 के मुताबिक, आधिकारिक नतीजे आने के तीन दिन के भीतर निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेनी होती है।

13वें संसदीय चुनाव के निर्वाचित सदस्य मंगलवार को शपथ लेंगे, जबकि कैबिनेट भी उसी दिन बाद में शपथ लेगी। यह जानकारी चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग में दी।

बांग्लादेश के आम चुनाव में 4 अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवार सांसद चुने गए हैं। इनमें दो हिंदू, जबकि दो अन्य बौद्ध समुदाय से हैं।

हिंदू नेता में गोयेश्वर चंद्र रॉय और उनके समधी निताई रॉय चौधरी BNP की टिकट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे।



गोयेश्वर चंद्र रॉय को तारीक रहमान की कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है।

- **बीएनपी के कई नीति-निर्माताओं ने संकेत दिया है कि कैबिनेट बहुत बड़ा नहीं होगा। इसमें 30 से 40 सदस्य शामिल हो सकते हैं। इसमें 2001 की बीएनपी सरकार के पूर्व मंत्री, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और नए चेहरे शामिल हो सकते हैं।**
- **तारिक रहमान ने कैबिनेट गठन को लेकर वरिष्ठ नेताओं से परामर्श शुरू कर दिया है। हालांकि, किसे कौन सा मंत्रालय मिलेगा, यह शपथ ग्रहण के बाद ही साफ होगा।**

### जिया परिवार के करीबी माने जाते हैं गोयेश्वर चंद्र रॉय

गोयेश्वर चंद्र रॉय बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। उनका जन्म 1 नवंबर 1951 को ढाका जिले के केरानीगंज में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था।

वे 1978 से ही BNP से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य हैं, जो BNP का सर्वोच्च नीति-निर्माण निकाय है। 1990 के दशक में खालिदा जिया की सरकार में उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां वे पर्यावरण, वन, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्रालयों के प्रभार में रहे।

हाल ही में 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने ढाका-3 निर्वाचन क्षेत्र से BNP के टिकट पर भारी बहुमत से जीत हासिल की, जहां उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को लगभग 17,000 वोटों से हराया। वे खुद को धरती का बेटा बताते हैं और जोर देते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू या अन्य अल्पसंख्यक अलग नहीं हैं, बल्कि सभी नागरिक समान अधिकारों वाले हैं।

## बांग्लादेश में चुनाव के बाद भी हिंसा जारी

### उपद्रवियों ने घर को किया आग के हवाले कई घायल

ढाका, एजेंसी

नटोर जिले के लालपुर उपजिला में शनिवार रात को तनाव काफी बढ़ गया। यहां बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के ही दो गुट आपस में भिड़ गए। इस आपसी लड़ाई में छह लोग घायल हुए हैं। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने लालपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी मोहम्मद मोजिबर रहमान ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से एक बंदूक भी बरामद की है और घटना को लेकर केस दर्ज कर लिया है।

एक अलग घटना में, शेरपुर जिले के सदर उपजिला में भी हिंसा की खबर आई। यहां जमात-ए-इस्लामी के सदस्यों ने एक बीएनपी कार्यकर्ता पर हमला कर दिया। घायल कार्यकर्ता का नाम



गियासुद्दीन रसेल है और उनकी उम्र 35 साल है। रसेल शेरपुर-1 सीट से बीएनपी की उम्मीदवार संसिला जेब्रिन प्रियंका के चुनाव एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। इसी तरह की एक और घटना फेनी जिले के दगनभुयान उपजिला में हुई। यहां के दक्खिन भबानीपुर गांव में बीएनपी के लोगों ने जमात कार्यकर्ता नूरुल अबसार बेलाल को निशाना बनाया। हमलावरों ने बेलाल के घर में उन पर हमला किया। उन्हें गंभीर हालत में पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और फिर फेनी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**फास्ट न्यूज**

### बॉन्डी बीच पर आतंकी हमला करने वाला आरोपी कोर्ट में हुआ पेश

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के बॉन्डी बीच पर दो महीने पहले 14 दिसंबर को यहूदी लोगों पर हमला हुआ था। हमलावार आतंकी नवीद अकरम को सोमवार कोर्ट में पेश किया गया। अकरम वीडियो लिंक के जरिए ऑस्ट्रेलिया की सुपरमैक्स कोर्ट में पेश हुआ। देश में लगभग तीन दशकों में हुई सबसे बड़ी मास शूटिंग के बाद यह उसकी पहली सार्वजनिक सुनवाई थी।

### हिरासत में एक और आवामी लीग नेता की मौत

ढाका । ताजा मामले में अवामी लीग के एक नेता की गाइबांधा जिला जेल में हिरासत में मौत हो गई। 60 साल के अवामी लीग के नेता का नाम शमीकुल इस्लाम है, जो कि पलाशबाड़ी उपजिला के अवामी लीग के अध्यक्ष थे। बताया जा रहा है कि वे गंभीर रूप से बीमार पड़ गए और रविवार को रंगपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। वहीं घटना की पुष्टि करते हुए गाइबांधा जिला जेल के प्रमुख मोहम्मद अतीकुर रहमान ने बताया कि अवामी लीग नेता को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए रंगपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### सिंगापुर में भारतीय मूल व्यक्ति को पांच महीने की सजा

सिंगापुर । भारतीय मूल के एक व्यक्ति को पांच महीने जेल की सजा सुनाई गई है। आरोप है कि भारतीय मूल के व्यक्ति ने एक महिला के साथ आपराधिक बल प्रयोग किया था। 42 वर्षीय ओम कुमार राय ने आरोप स्वीकार कर लिया है। स्ट्रेट्स टाइम्स ने बताया कि पीड़ित का नाम और घटना स्थल की जानकारी अदालती दस्तावेजों से हटा दी गई थी।

## चांदी आज 2,949 सस्ती हुई कीमत 2.39 लाख/किलो

नई दिल्ली, एजेंसी

चांदी के दाम में आज 16 फरवरी को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 2,949 रुपए गिरकर 2,39,484 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी।

वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,315 रुपए बढ़कर 1,54,080 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि, पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 26,965 और सोना 3,242 रुपए सस्ता हुआ है।

सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 22,041 रुपए और चांदी 1,46,449 सस्ती हो चुकी है।



- **18 दिन में 1.46 लाख की गिरावट**
- **सोना 1,315 बढ़कर 1.54 पर पहुंचा**

IBJA की सोने की कीमतों में 3% GST, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल RBI सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है। इस दौरान सोना करीब 15% तक सस्ता हो गया था।

# 10 रिहा किए, 7 अभी भी कैद में, अदला-बदली के लिए 7 दिन की मोहलत

## बीएलए का दावा : 17 पाक सैनिकों को हिरासत में लिया




इस्लामाबाद, एजेंसी

बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है। इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है।

यह दावा BLA की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

BLA के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। BLA के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है।




### बलूच आर्मी का ऑपरेशन हेरोफ क्या है

BLA ने 25-26 अगस्त 2024 की रात ब बलूचिस्तान में बड़ा संगठित हमला किया। BLA ने इसे ऑपरेशन हेरोफ नाम दिया। ऑपरेशन हेरोफ के तहत बलूचिस्तान के 10 से ज्यादा जिलों में एक ही समय पर कार्रवाई की गई। बलूच भाषा में 'हेरोफ' का मतलब 'तूफान' होता है। BLA के निशाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, पुलिस, पंजाब प्रांत के श्रमिक और पुल-हाईवे जैसे बुनियादी ढांचे थे। प्रमुख इलाके मुसाखेल, कलात, बेला, मस्तुंग, बोलान और तर्बत रहे।

### पाक सैनिकों को बलूच अदालत में पेश किया

- BLA ने कहा कि बाकी 7 बंदी पाकिस्तान सेना की नियमित यूनिटों के सदस्य हैं। बयान के अनुसार, उन्हें एक कथित 'बलूच नेशनल कोर्ट' में पेश किया गया।
- यहां उन पर आम नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, जबरन गुमशुदगी में मदद और बलूच लोगों के खिलाफ नरसंहार में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए।
- BLA ने दावा किया कि सुनवाई के दौरान आरोपियों को जवाब देने का मौका दिया गया, सबूत पेश किए गए और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया।
- BLA ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद इस्लामाबाद को 7 दिन का समय दिया जा रहा है, ताकि वह औपचारिक रूप से कैदी अदला-बदली की इच्छा जताए। इस हमले में BLA के साथ उसका आत्मघाती दस्ता 'मजीद ब्रिगेड' भी शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हुई। इनमें 31 सुरक्षाकर्मी, 33 नागरिक और 14 हमलावर थे।

## इजरायल का वेस्ट बैंक पर नया दावा

### फलस्तीनी जमीन पर कब्जे की कोशिश, मिस्र और कतर ने की निंदा

- **इजरायल ने वेस्ट बैंक को स्टेट प्रॉपर्टी बनाने की योजना को मंजूरी दी।**
- **नया बिल फलस्तीनी जमीन पर कब्जे का प्रयास माना जा रहा है।**
- **हजारों फलस्तीनियों को उनकी जमीन से बेदखल किया जा सकता है।**



नई दिल्ली, एजेंसी

इजरायल और फलस्तीन के बीच जंग जारी है। इस बीच इजरायल सरकार ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के बड़े इलाकों को स्टेट प्रॉपर्टी के तौर पर दावा करने के प्लान को मंजूरी दे दी है। इजरायल सरकार ने इसे लेकर एक बिल भी पेश किया है, जिसे फलस्तीन इलाके के ज्यादा हिस्से पर कब्जा करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

फाइनेंस मिनिस्टर बेजालेल स्मोट्रिच, जस्टिस मिनिस्टर यारिव लेविन और डिफेंस मिनिस्टर इजरायल काट्ज ने पेश किया था। स्मोट्रिच के मुताबिक, यह नया बिल इजरायल सरकार की वेस्ट बैंक इलाके में बस्तियों को बढ़ाने की कोशिश का हिस्सा है। इस बिल के तहत, इजरायल कब्जे वाले वेस्ट बैंक में जमीन के मालिकाना हक के सेटलमेंट का प्रोसेस फिर से शुरू करेगा, यह प्रोसेस 1967 में छह दिन के युद्ध के बाद से रुका हुआ है।

इस प्रोसेस के फिर से शुरू होने पर, जमीन पर दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति को अपना मालिकाना हक साबित करने के लिए जरूरी दस्तावेज दिखाने होंगे।

अगर फलस्तीन डॉक्यूमेंट्स दिखाने में नाकाम साबित होते हैं तो नए बिल के मुताबिक इजरायल उस जमीन पर स्टेट प्रॉपर्टी के तौर पर अधिकार कर सकता है।

### फलस्तीनयों को बेदखल कर सकता है इजरायल

जमीन के मालिकाना हक के क्राइटेरिया भी बदल गए हैं और इस नए बिल से हजारों फलस्तीनयों को उनकी जमीन के हक से बेदखल किया जा सकता है। इसके अलावा, नया बिल वेस्ट बैंक में एरिया C पर फोकस करेगा, जो पूरी तरह से इजरायल मिलिट्री कंट्रोल वाला इलाका है।

फलस्तीन, मिस्र और कतर ने नए बिल को इजरायल का कब्जा बताया। फलस्तीन प्रेसिडेंसी ने इजरायल सरकार के इस फैसले की निंदा की है। इसे इंटरनेशनल कानून का खुला उल्लंघन कहा है।

## बांग्लादेश-यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठा सकती है रहमान सरकार

### 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा, यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपए हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टॉप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपए की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं।



इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवॉर्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे। तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान IT सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं। उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम रहमान ने रविवार देर शाम जमात के अमीर (प्रमुख) शफीकुर रहमान के साथ मुलाकात की।

**निधनः** डिपोर्टेशन केस में पिता की रिहाई के लिए उठा रही थी आवाज

## अमेरिका में कैंसर से जूझ रही टीनेजर की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के शिकागो में 16 साल की लड़की की कैंसर से जूझते हुए मौत हो गई। ओफेलिया जिसेल टोरेस हिडाल्गो ने शुक्रवार, 13 फरवरी को रेयर तरह के कैंसर से जूझते हुए दम तोड़ दिया। परिवार ने एक बयान में बताया कि एल्वियोलर रैबडो-मायोसारकोमा से ओफेलिया की मौत हुई है और उसके अंतिम संस्कार का इंतजाम प्राइवेट रखा गया। टीनेजर को दिसंबर 2024 में सॉफ्ट टिशू कैंसर के एग्रेसिव रूप का पता चला था और वह कीमोथेरेपी और रेडिएशन ट्रीटमेंट ले रही थी।



वकील ने बयान में कहा कि यह फैसला टोरेस माल्डोनाडो को एक कानूनी परमानेंट रेजिडेंट और आखिरकार US सिटिजन बनने का रास्ता देता है। टोरेस माल्डोनाडो के वकील कलमैन रेसनिक ने कहा, 'ICE की हिरासत और अपने पिता के डिपोर्टेशन की धमकी के बावजूद ओफेलिया बहादुर और हिम्मती थीं। हमें ओफेलिया के गुजरने का दुख है।' वकील ने आगे कहा, 'हमें उम्मीद है कि वह हम सभी के लिए एक मिसाल बनेंगी कि कैसे हिम्मती बनें और अपनी आखिरी सांसों तक सही चीज के लिए लड़ें।'

- **16 वर्षीय ओफेलिया का शिकागो में कैंसर से निधन।**
- **पिता की इमिग्रेशन हिरासत से रिहाई के लिए लड़ी।**
- **जज ने पिता के निर्वासन रद करने का फैसला सुनाया।**

### पिता की रिहाई के लिए लड़ रही थी बेटी

ओफेलिया काफी लंबे समय से अपने पिता रूबेन टोरेस माल्डोनाडो की रिहाई के लिए आवाज उठा रही थी। ओफेलिया के पिता को डिपोर्टेशन केस में इमिग्रेशन अधिकारियों ने हिरासत में लिया था।

रूबेन टोरेस माल्डोनाडो के वकील ने शिकागो में एक इमिग्रेशन जज के ओफेलिया की मौत से तीन दिन पहले आए फैसले के बारे में बताया। जज ने फैसला सुनाया था कि उनके पिता, रूबेन टोरेस माल्डोनाडो, कंडीशनल रूप से 'कैंसलेशन ऑफ रिमूवल' पाने के हकदार हैं, क्योंकि उनके डिपोर्टेशन से उनके बच्चों को मुश्किलें होंगी, जो यूनाइटेड स्टेट्स में पैदा हुए थे और US के नागरिक हैं।

## शालीनता और मर्यादा के पतन पर गहरी चिंता व्यक्त की

### डेमोक्रेट्स को 'जलाओ और नष्ट करो' नीति से बचने की सलाह दी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वर्तमान ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिकी राजनीति के गिरते स्तर पर तीखा हमला बोला है। एक हालिया साक्षात्कार में ओबामा ने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के तहत अमेरिकी राजनीति को "जोकरों का शो" (क्लाउन शो) बताया और कहा कि व्हाइट हाउस से हाल ही में जारी की गई बयानबाजी ने अधिकांश अमेरिकियों को परेशान किया है।

ब्रायन टायलर कोहेन के "नो लाइ" पोडकास्ट पर बातचीत करते हुए ओबामा ने उस विवादित वीडियो का जिक्र किया, जिसमें उन्हें और पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा को आपत्तिजनक रूप से चित्रित किया गया था। इस मुद्दे पर ट्रंप द्वारा माफी न मांगने और इसे एक



कर्मचारी की गलती बताने पर ओबामा ने कहा, 'यह जानना महत्वपूर्ण है कि अधिकांश अमेरिकी इस व्यवहार को बेहद परेशान करने वाला मानते हैं।' शालीनता और मर्यादा का पतन ओबामा ने इंटरनेट मीडिया और टेलीविजन पर चल रही वर्तमान राजनीति को एक सर्कस की तरह बताया। उन्होंने कहा, 'एक तरह का 'क्लाउन शो' चल रहा है। सच तो यह है कि उन लोगों में अब कोई शर्म नहीं बची है, जिन्हें पहले लगता था कि पद के प्रति मर्यादा, शिष्टाचार और सम्मान होना चाहिए। वह अब खो गया है।' कोहेन ने जब 'संवाद के पतन' और आव्रजन अभियानों के दौरान मारे गए नागरिकों को "घरेलू आतंकवादी" कहने पर सवाल उठाया, तो ओबामा ने इसे मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने वाली रणनीति बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकांश नागरिक आज भी शालीनता और दयालुता में विश्वास रखते हैं।

रिपब्लिकन पार्टी की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए ओबामा ने कहा कि वे केवल स्थापित नियमों और कानूनों को उलझाने का काम कर रहे हैं, जो कि रचनात्मक कार्य की तुलना में आसान है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96